

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 329 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 24 सितंबर 2023



पेज -4 पर डेंगू नियंत्रण पर चला समीक्षा का दौर, जिला स्तरीय अधिकारी मैदान में

भारी जनसैलाब के बीच भाजपा का परिवर्तन यात्रा मैनपुर पहुंचा पेज -7 पर





## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द सावा शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारूमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर दी जान, पेड़ से लटकती मिली लाश, घरवाले थे प्रेम संबंध के खिलाफ



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग मामले में प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। दोनों ही 12वीं क्लास की पढ़ाई कर रहे थे जिसमें छात्र मंटू की उम्र 18 वर्ष बताई जा रही है, जबकि छात्रा नाबालिग है।

दोनों ही गीदम जवांगा ग्राम पंचायत के रहने वाले थे, जिनके बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, पर स्वजन इस प्रेम संबंध के खिलाफ थे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोनों प्रेमी जोड़ घर से गायब हो गए थे, जिसके बाद स्वजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन दोनों नहीं मिले। इसके बाद स्वजनों ने इसकी सूचना गीदम पुलिस को दी। पुलिस को शनिवार को जवांगा के पास के जंगल में दोनों प्रेमी जोड़े की लाश फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। गीदम थाना प्रभारी सलीम खाखा ने बताया, दोनों मृतकों युवक-युवती के बीच प्रेम प्रंसग था।

स्वजन दोनों के प्रेम संबंध के खिलाफ थे। इसलिए दोनों फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कर स्वजनों को सौंप दिया गया है।

# खुद गड्ढे में डूबने वाली जनता चुनाव में विधायक को डुबाएगी?

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

चुनाव में मतदान करने के बाद जनता सब कुछ सहने के लिए मजबूर हो जाती है। समस्या का समाधान हो सोच कर जनता जनप्रतिनिधि का चयन करती है। लेकिन कई जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र की समस्या से कोई लेना देना नहीं होता।





जिसके बाद फि र जनता चुनाव आने का इंतजार करती है। अभी कुछ महीने बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाला है। जिसमें जनता किसे सबक सिखाएगी वह तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा। लेकिन मूड पहले से दिखने लगता है। धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए इस बार सबसे बड़ा मुद्दा सड़क हो होगा। क्योंकि खराब सड़क के कारण सभी वर्ग प्रभावित हुआ है। इस बार कहीं खुद गड्ढे में डूबने वाली जनता चुनाव में विधायक को डुबाने की तैयारी तो नहीं कर रही है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा की उचित व्यवस्था होना जरूरी है। जिसमें से धरमजयगढ़ क्षेत्र में सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। दो कार्यकाल विधायक बने लालजीत सिंह राठिया पहली पंचवर्षीय में विपक्ष में थे। जिस समय विकास के नाम पर राज्य सरकार से भेदभाव का आरोप लगाते रहे, और अपनी विधानसभा का विकास छोड़ दूसरे जिले का विकास करता रहा ताकि क्षेत्रवासियों को बता सके की हम सत्ता में नहीं है जिसके कारण विकास नहीं हो रहा है। लेकिन वर्तमान पंचवर्षीय में सत्ता में हैं इसके बाद भी कोई भी मार्ग नहीं बन सका है।





धरमजयगढ़ क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय जाने के लिए ग्रामीण सड़क या कच्ची सड़कों का सहारा लेना पड़ता है। मुख्य मार्गों में तो बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं। आनन फानन में धरमजयगढ़ के आसपास कुछ सड़क बनाया गया लेकिन वह भी गुणवत्ताहीन होने के कारण खराब हो गया। जिसका प्रमाण है इंजीनियर को सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने पर निलंबित कर दिया गया। बता दें खरसिया से पत्थलगांव तक नए सड़क निर्माण को स्वीकृति मिल गई। जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। अब विधायक इस बात को जनता के सामने रखकर उन्हें कितना संतुष्ट कर पाते हैं। क्योंकि पिछली सरकार को उखाड़ फेंकने में खराब सड़क का विशेष योगदान रहा।



# रीपा में स्थित तेल मिल प्रोसेसिंग यूनिट से समूह की महिलाएं हो रही हैं सशक्त






**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बने गौठानों में संचालित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) से ग्रामीणों एवं महिलाओं की जिन्दगी संवर रही है। रीपा से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास के सकारात्मक और बेहतर परिणाम सामने आने लगे हैं। ग्रामीण और महिलाएं अब खुद हुनरमंद होकर छोटे-छोटे रोजगार के जरिए स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर होने लगे हैं। नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत कोलियारी (नेतानार) के रीपा में वहां की महिलाओं द्वारा तेल मिल प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया गया है। जिसमें बजरंगी स्व-सहायता समूह की 10 सदस्यों को रीपा से जोड़कर तेल मिल प्रोसेसिंग यूनिट में प्रोसेंसिंग एवं पैकेजिंग संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के उपरान्त बजरंगी स्व-सहायता के समूह के द्वारा आसपास के किसानों से तिलहन फसल खरीद कर उसे प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग कर बाजार में बड़ी मात्रा में बिक्री किया जा रहा है। तेल की उत्तम गुणवत्ता के कारण दिनों-दिन इसकी मांग बाजार में बढ़ती जा रही है। समूह द्वारा अब तक 600 लीटर तेल की पैकिंग की जा चुकी है, जिसकी कीमत प्रति लीटर 250 रूपये है। समूह के द्वारा अब तक 1 लाख 50 हजार रूपये तक के तेल की बिक्री की जा चुकी है। पहले समूह के सदस्य माह में एक से 15 सौ रूपये ही कमा पाते थे, लेकिन आज प्रत्येक सदस्य की मासिक आय 6 हजार रूपये तक हो गई है। इस समूह को वर्तमान में लगभग 10 लाख रूपये तक के तेल का आर्डर मिल चुका है। बजरंगी समूह की महिलाओं का कहना है कि तेल प्रोसेसिंग यूनिट कार्य के साथ-साथ हम अपने घर के कृषि कार्य व मनरेगा का भी काम करती हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करते हुये हमें बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि अच्छी आमदनी प्राप्त होने से परिवार के भरण-पोषण में सहयोग मिल रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 2 अक्टूबर 2022 गांधी जयंती के दिन महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना रीपा का शुभारंभ किया था। योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इन पार्कों के विकास के लिए राज्य सरकार ने 600 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है।

## आबकारी विभाग ने 2 प्रकरणों में 250 लीटर अवैध शराब की जब्त



**गरियाबंद।** आबकारी विभाग गरियाबंद ने अवैध शराब के मामले में छापामार कार्यवाही करते हुए 2 प्रकरणों में ओड़िसा प्रांत निर्मित कुल 250 लीटर शराब जप्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त देवभोग अंतर्गत ग्राम निष्ठीगुड़ा निवासी पिताम्बर से ओड़िसा प्रांत से एक मोटरसाईकिल में 1 जूट बोरी के अंदर 250 पाउच ट्रिपल घोड़ा छाप उड़िसा प्रांत की कच्ची शराब परिवहन करते हुए बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसी प्रकार वृत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम सुरूंगपानी बांजीपानी उड़िसा मार्ग में जंगल में तालाशी लिये जाने पर एक बोरी में जेब्रा छाप पाउच एवं 4 जरिकेन में भरी हुए 140 बल्क लीटर कुल मात्रा 180 बल्क लीटर ओड़िसा प्रांत की कच्ची शराब बरामद कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

**अक्टूबर में आएगी छत्तीसगढ़ कांग्रेस की पहली लिस्ट**

# सीएम हाउस में टिकट बंटवारे पर मंथन

## 15 से 20 सीटों पर नए चेहरे उतारने की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची अगले महीने ही जारी करेगी। शनिवार को सीएम हाउस में चुनाव अभियान समिति और कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें टिकट वितरण और प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा हुई। पार्टी सितंबर के पहले सप्ताह में सूची जारी करने वाली थी लेकिन कई नामों पर सहमति नहीं बन पाने के चलते इसमें देरी हो रही है। इस बार 15 से 20 नए चेहरों को उतारने की तैयारी है।

### सीएम हाउस में करीब 5 घंटे चली बैठक

दोपहर 12 बजे के बाद शुरू हुई बैठक शाम करीब 5 बजे खत्म हुई। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, सीएम भूपेश बघेल, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, डॉ चरण दास महंत, डिप्टी ष्टरू टीएस सिंहदेव समेत कई सीनियर नेता मौजूद रहे।




### 15-20 सीटों पर नए चेहरों को मौका

संभावना है कि कांग्रेस इस बार 15-20 सीटों पर नए चेहरों को मौका दे सकती है। करीब 10 महीने पहले पार्टी के एक सर्वे में 37 विधायकों की रिपोर्ट खराब आई थी। इन्हीं में से कुछ के टिकट काटे जा सकते हैं। जिन सीटों पर कांग्रेस के विधायक नहीं हैं वहां भी नए चेहरों पर दांव लगाया जाएगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023: महिलाओं के लिए सत्ता में सहभागिता का आधार बनेगा महिला आरक्षण बिल

भारत को आजादी मिले 75 साल से ज्यादा बीत चुके हैं। आजादी की जंग में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गोली मारी भी और खाई भी। अंग्रेजी हुकूमत के कोड़े खाने से लेकर साइनाइड पीने तक का सफर भी तय किया। महिलाओं ने आजादी की लड़ाई में सूझ-बूझ से लेकर कूटनीति और निडर गुप्तचर बन बराबर का प्रतिनिधित्व दिया। भारत की आजादी के साथ ही महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया गया।

यहां तक तो हम अमेरिका को पीछे छोड़ समानता के पायदान पर छलांग लगाने को तैयार रहें लेकिन समानता की प्रतिस्पर्धा में महिलाएं कब पीछे छूट गई, कब वे बराबरी के निचले पायदान पर सिमटकर रह गई पता ही न चला।

सिर्फ वोट देने के अधिकार से पीठ नहीं थपथपाई जा सकती। महिलाएं दुनिया की आधी आबादी हैं। दुनियाभर की संसद में महिलाओं की भागीदारी 24 प्रतिशत है लेकीन विडम्बना है कि, भारत में उनकी अपने ज्यादातर अधिकारों की जंग आज भी जारी है। आधी आबादी को आधे का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है जिसके लिए उसकी लंबी लड़ाई अभी बाकी है। हालांकि भारत सरकार ने 33त्न आरक्षण पर बिल लाकर उस लड़ाई को सहज बनाने की पहल की है जो सराहनीय कदम है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटों में 78 महिलाएं हैं जो




**भारत को आजादी मिले 75 साल से ज्यादा बीत चुके हैं। आजादी की जंग में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गोली मारी भी और खाई भी। अंग्रेजी हुकूमत के कोड़े खाने से लेकर साइनाइड पीने तक का सफर भी तय किया।**

लगभग 15त्न से कम हैं। वहीं राज्यसभा में 14त्न महिला सदस्य हैं जो बेहद कम संख्याबल को दर्शाता है। महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास होने से उम्मीद की किरण जग उठी है कि जल्द ही यह कानून अमल पर आ जाएगा और महिला सशक्तिकरण की राह मज़बूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।

भारत का गौरवशाली इतिहास इस बात की तस्दीक करता है कि, भारत दुनिया के मानचित्र में उस दौरान पूर्ण विकसित नगरीय सभ्यता में शुमार था जब अन्य सभ्यताएं विकास के पायदान पर जद्दोजहद कर रही थी।

सिंधु सभ्यता की सड़के, उद्योग, नगर आज भी दुनिया के वैज्ञानिकों के लिए शोध का विषय है। तब हमारी सभ्यता मातृसत्तात्मक थी और हमारी संस्कृति दुनिया में श्रेष्ठतम। महिला आरक्षण बिल एक लंबे संघर्ष के दौर से गुजरते हुए लोकसभा पर पहुंचा है। यदि यह कानून में तब्दील हो गया तो यह सम्पूर्ण नारी शक्ति की जीत होगी। महिला आरक्षण विधेयक 1996 के बाद कई बार बहस का मुद्दा बना 2010 में राज्य सभा से पास होने के बाद भी लोकसभा में पेश नहीं हो सका। जिस वजह से यह बिल अधर में टका रहा। कहते हैं सरोजिनी नायडू ने सन् 1931 में सबसे पहले महिला अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर ब्रिटिश पीएम को पत्र लिखकर महिलाओं के राजनीतिक अधिकार को लेकर बात की थी। उनके मुताबिक महिलाओं को मनोनीत करके किसी पद पर बैठाना एक किस्म का अपमान है। वह चाहती थीं कि, महिलाएं मनोनीत न हों, बल्कि चुनी जाएं। सरोजिनी नायडू के द्वारा आजादी से 17 साल पहले ही उठाए गए इस कदम ने आने वाले दिनों में महिलाओं के आरक्षण संबंधी बहस को जन्म दिया। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटों में 78 महिलाएं हैं जो लगभग 15त्न से कम हैं। वहीं राज्यसभा में 14त्न महिला सदस्य हैं जो बेहद कम संख्याबल को दर्शाता है। राज्य विधान सभाओं में यह संख्या 10त्न से भी कम है। देश की पहली लोकसभा 1952 में यह प्रतिशत 5त्न से भी कम रही तब केवल 24 महिला सांसद शामिल थी। महिलाओं से जुड़े सवालों को तब तक हल करना संभव नहीं है जब तक महिलाएं उन सवालों को खुद हल करने में शामिल न होंगी। देश की पंचायतों से बेहतर उदाहरण भला क्या हो सकता है, जिसमें महिला सशक्तिकरण के बेहतरीन उदाहरण देखें जा सकते हैं। आंकड़ों की मानें तो वैश्विक राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 24त्न सांसदों का है। महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं से जुड़े सवालों को हल करने में एक सशक्त साधन के रूप में देखा समझा जाना चाहिए। जिसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए ताकि महिला सशक्तिकरण की राह में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके।

जब हमारी संसद में महिलाओं की संख्या ज्यादा होगी तो महिला मुद्दों पर मजबूती से बहस हो सकेगी। पंचायती स्तर पर महिलाओं में हुए कमाल के परिवर्तन बताते हैं की जब राष्ट्रीय स्तर पर महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी तो उनसे जुड़े सवालों को न केवल हल करना आसान होगा बल्कि अपराधों में भी कमी आएगी। महिलाओं का समाज में पोषण स्तर बढ़ेगा, समाज के नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी होना आवश्यक है। यद्धपि यह महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए एक मात्र उपाय नहीं है बल्कि इसके अलावा भी सरकार को और मजबूत कोशिशें शुरू करनी होगी। समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने की भी ज़रूरत है। उनके बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान देने की जरुरत है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है ताकि महिला आरक्षण विधेयक को पूरी तरह सफल बनाया जा सके।

डॉ. नाज परवीन

## संपादकीय

### बारीक कूटनीति का वक्त

यह वक्त बारीक कूटनीति का है। 'मर्दाना' विदेश नीति का नैरेटिव घरेलू समर्थक वर्ग के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सचमुच इस रुख को अपनाना हानिकारक होगा।

कनाडा के भारत पर लगाए आरोपों के बाद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की जो प्रतिक्रिया आई है, उसे गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। इन तीनों देशों ने कनाडा के इस रुख में स्वर मिलाया है कि खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारत को कनाडा से पूरा सहयोग करना चाहिए। उधर इन देशों के मीडिया में कथित खालिस्तान आंदोलन का हौव्वा खड़ा किया जा रहा है। अखबारों में लंबी रिपोर्टें छपी हैं, जिनमें सिख समुदाय, खालिस्तान की मांग, इसके इतिहास, कनाडा के उससे संबंध आदि की विस्तार से चर्चा की गई है। उधर ब्रिटेन के अखबारों में खालिस्तान समर्थक अवतार सिंह खांडा की कई महीने पहले हुई मौत की खबरें फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। डॉक्टरों ने तब दो टूक कहा था कि खांडा की मौत कुदरती वजहों से हुई, लेकिन अब उसके परिजनों के बिना किसी साक्ष्य के लगाए गए इन आरोपों को जगह मिल रही है कि उसकी हत्या के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ था। इस बीच ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने इस वर्ष हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने की हुई घटनाओं के बारे में अपनी रिपोर्ट जारी कर दी है। इसमें परिस्थितिजन्य आधार पर कहा गया है कि यह काम खुद हिंदुत्ववादी संगठनों ने किया और उनका मकसद सामाजिक तनाव पैदा करना था।

# आग से खेलते ट्रूडो: सत्ता, समाज और साख के मोर्चे पर डूबती नैया को पार लगाने की आत्मघाती कोशिश

पिछले कुछ दिनों से हम एक समृद्ध व तथाकथित लोकतांत्रिक देश के नेता की गलतियों की श्रृंखला के गवाह बने हैं। इस नेता का नाम है जस्टिन ट्रूडो, जिनकी पहचान कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में भी है। कहते हैं कि झूठ बोलना कूटनीति पर भारी पड़ सकता है। हरदीप सिंह निज्जर नाम के अपने पसंदीदा खालिस्तान समर्थक आतंकी की, जो पहले एक प्लंबर हुआ करता था और जिसे जून, 2023 में मार गिराया गया था, रक्षा करने में असमर्थता जाहिर करते हुए अपनी संसद में ट्रूडो ने जो बयान दिया है, वह कूटनीति की दुनिया में इतिहास रचने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने के विश्वसनीय आरोप (पर, कोई सुबूत नहीं) उनके सामने आए हैं। वह यहीं नहीं रुके। उन्होंने यह भी कहा कि निज्जर की हत्या कनाडा के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। अपनी ही संसद में झूठ बोलकर उन्होंने भारी गलती की है। किसी अवांछनीय गतिविधि के सुबूत के बगैर उन्होंने नाम लेते हुए एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित किया, जिससे उस अधिकारी की जान तक खतरे में पड़ गई। यह भारी चूक है।

अपने 50 वर्षों के कूटनीतिक अनुभव में मैंने स्थापित अंतरराष्ट्रीय परंपराओं का ऐसा घोर उल्लंघन होते नहीं देखा। उन्होंने अपनी मूर्खता का एहसास करते हुए अमेरिका में अपने चाचा और अपने पश्चिमी सहयोगियों से भारत के खिलाफ बयान देने की विनती करने की एक बड़ी गलती की। यह बात



**टाइटेनिक से भी तेजी से डूबती उनकी लोकप्रियता, महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त और लड़खड़ाती हुई अर्थव्यवस्था के सम्मुख ट्रूडो कनाडाई रैंबो बनकर अपने खालिस्तानी आकाओं को खुश करते हुए अपनी नौकरी बचाने का जुगाड़ कर रहे हैं।**

अलग कि सभी ने ऐसा करने से मना कर दिया। उन्होंने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा करने के लिए एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल की यात्रा रद्द करके भी गलती की, क्योंकि कनाडा को भारत की तुलना में इस एफटीए की ज्यादा जरूरत है। उनकी एक और गलती यह रही कि उन्होंने एक ऐसे उच्चायुक्त को भारत भेजा, जो धैर्य व शांति से व्यवहार करना नहीं जानता और रिपोर्टर के मुंह पर गुस्से से कार का दरवाजा बंद कर लेता है। अभी एक दिन पहले कनाडा में गैंगवार में एक और खालिस्तानी आतंकी की हत्या कर दी गई। कनाडा हत्याओं का देश बन गया है। वहां किसी दूसरे देश की तुलना में प्रति व्यक्ति ज्यादा आतंकी और गैंगस्टर मौजूद हैं। ये ड्रग तस्कर, आतंकवादी और गैंगस्टर आपस में लड़ रहे हैं। एक खुर्राट किस्म का खालिस्तानी, हेकड़ी दिखाते हुए सभी हिंदुओं को कनाडा छोड़कर जाने की चेतावनी देते हुए वहां मौजूद बड़े भारतीय समुदाय को धर्म के आधार पर विभाजित करने की कोशिश कर रहा है। इस पर खामोश रहकर ट्रूडो एक और गलती कर रहे हैं। अब या तो वह मानसिक तौर पर अस्थिर हैं या वह खालिस्तानियों के साथ एक गंभीर किस्म के समझौते में हैं। उल्लेखनीय है कि ये वही खालिस्तानी हैं, जिन्होंने कई दशक पहले एक भारतीय विमान को उड़ा दिया था, जिसमें 300 से ज्यादा कनाडाई नागरिक मारे गए थे। तब उनके पिता कनाडा के प्रधानमंत्री थे। आज खालिस्तान समर्थक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। कुछ खालिस्तान समर्थक तो उनकी कैबिनेट में भी हैं। यह उनकी एक और गलती है। पांच साल पहले, जब ट्रूडो भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा पर खालिस्तानी के रूप में चिह्नित हो चुके लोगों को साथ लाए थे, तभी उन्होंने अपनी मनोदशा का परिचय दे दिया था।

## मिला जुला

# 'अब देश का मिजाज़ ऐसा बना है कि जो खेलेगा वही खिलेगा'

## काशी को भव्य क्रिकेट स्टेडियम का दिया तोहफा

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी पहुंच गए हैं जहां एयरपोर्ट पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया. इसके बाद दोनों नेता एक खुली गाड़ी में वहां से बाहर निकले जहां लोगों द्वारा उनका फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया गया. इसके बाद पीएम मोदी जातालाब गंजारी, वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी.



पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं एक ऐसे दिन काशी आया हूं, जब चंद्रमा के शिवशक्ति पॉइंट पर भारत के पहुंचने का एक महीना पूरा हो रहा है. एक शिवशक्ति का स्थान चंद्रमा पर है और दूसरा शिवशक्ति का स्थान यहां काशी में है. उन्होंने कहा कि काशी में आज एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गई है. अब देश का मिजाज़ ऐसा बना है कि जो खेलेगा, वही खिलेगा.

### वरदान साबित होगा

स्टेडियम का उद्घाटन अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए यह क्रिकेट स्टेडियम वरदान साबित होगा. उन्होंने कहा, %जबसे इस स्टेडियम की तस्वीरें बाहर आई है, उन्हें देखकर हर काशीवासी गदगद हो गया है. आज क्रिकेट के जरिए दुनिया भारत से जुड़ रही है. दुनिया के नए नए देश क्रिकेट खेलने के लिए आगे आ रहे हैं. जाहिर है कि आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या भी बढ़ने जा रहे हैं. तो जब मैच बढ़ेंगे तो नए स्टेडियमों की जरूरत भी बढ़ेगी, तो बनारस का ये स्टेडियम भी इन जरूरतों को पूरा करेगा. इस स्टेडियम के पूरा होने पर 30,000 से ज्यादा लोग यहां बैठकर मैच देख पाएंगे. इसके निर्माण में बीसीसीआई का भी बहुत सहयोग होगा. मैं यहां का सांसद होने के नाते बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं.

### हमने स्पोर्ट्स को करियर से जोड़ा

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'काशी का सांसद होने के नाते मैं यहां हुए बदलावों का भी साक्षी बना हूं. सांसद खेल प्रतियोगिता के दौरान जो उत्साह यहां रहता है, उसकी जानकारी भी मुझे मिलती रहती हैं. हमारा प्रयास वाराणसी के युवाओं को उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं देने का है. इसी सोच के साथ इस नए स्टेडियम के साथ ही सिगरा स्टेडियम पर भी करीब 400 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं. खेलों में आज भारत को जो सफलता मिल रही है, वो देश की सोच में आए बदलाव का परिणाम है. हमने खेल को युवाओं की फिटनेस, रोजगार और उनके करियर से जोड़ा है.' इस दौरान मंच पर यूपी सचिन तेंदुलकर, रोजर बिन्नी, सुनील गावस्कर, कपिल देव और जय शाह सहित सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे. इस कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी रुद्राक्ष अंतर्राष्ट्रीय कोऑपरेशन और कन्वेंशन सेंटर पहुंचेंगे और काशी संसद सांस्कृतिक महोत्सव 2023 के समापन समारोह में भाग लेंगे.

## चंद्रयान-3 को जगाने के लिए फिर कोशिश

बेंगलुरु। इसरो 23 सितंबर को चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान और लैंडर विक्रम को जगाने के प्रयास करेगा। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कल 22 सितंबर को कहा था कि अभी तक चंद्रयान से कोई सिग्नल नहीं हैं। संपर्क स्थापित करने की हमारी कोशिशें जारी रहेंगी। 14 दिनों की रात के बाद चांद के साउथ पोल पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। ऐसे में इसरो को स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के जागने की उम्मीद है। इसरो ने 4 सितंबर को लैंडर को स्लीप मोड में डाला था। इससे पहले 2 सितंबर को रोवर को स्लीप मोड में डाला गया था। इसरो ने लैंडर-रोवर के रिसीवर ऑन रखे हैं।

### टिप्पणी पर विवाद, 15 दिन में देना है जवाब

## बीजेपी ने सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ जारी किया कारण बताओ नोटिस

नई दिल्ली। लोकसभा में बसपा यानी बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ भाजपा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है. इससे पहले लोकसभा स्पीकर ने नाराजगी जताई थी और उनके इस व्यवहार पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी.



दरअसल, भाजपा यानी भारतीय जनता पार्टी ने जेपी नड्डा के निर्देश पर रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है और 15 दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है. वहीं, बसपा सांसद दानिश अली ने बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ लोकसभा स्पीकर को विशेषाधिकार नोटिस दिया था और अनुरोध किया कि इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास जांच और कार्रवाई के लिए भेजा जाये. वहीं, सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा संसद में चर्चा के दौरान दिए गए विवादित वक्तव्य को लोकसभा प्रोसिडिंग के रिकॉर्ड से हटा दिया गया है. बीएसपी सांसद दानिश अली ने यह अनुरोध किया था. कारण बताओ नोटिस से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी. उन्होंने भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी को इस तरह का व्यवहार दोबारा दोहराए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है.

## बिहार को मिलने जा रही दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, 26 सितंबर से नियमित चलेगी

**बिहार** को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। 26 सितंबर से पटना-हावड़ा-पटना वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जाएगा। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को ही इस ट्रेन को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर रवाना कर देंगे। शनिवार को जमुई तक इस ट्रेन का ट्रायल रन होगा। पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का किराया, रूट, स्टोपेज और टाइम शेड्यूल की पूरी



जानकारी यहां दी जा रही है। यह बिहार की दूसरी सेमी हाईस्पीड ट्रेन है। इससे पहले पटना-रांची रूट पर वंदे भारत ट्रेन शुरू की गई थी। वैसे तो ट्रेन का किराया अभी आधिकारिक रूप से रेलवे की ओर से जारी नहीं किया गया है। मगर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किराया तय हो गया है। पटना से हावड़ा के बीच वंदे भारत में सामान्य चेयरकार का सफर करने पर 1200 रुपये चुकाने होंगे। वहीं एग्जीक्यूटिव क्लास में 2300 रुपये प्रति यात्री किराया होगा। इसमें कैटरिंग चार्ज शामिल नहीं है।

### एक नजर

## पंजाब में कबड्डी खिलाड़ी को घर के बाहर तलवारों से काटा

कपूरथला। पंजाब के कपूरथला जिले में एक 22 साल के कबड्डी खिलाड़ी की हत्या कर दी गई है. आरोपियों ने तलवारों से खिलाड़ी पर हमला किया और उसके बाद घायल अवस्था में घर के बाहर लेकर पहुंचे. वहां खिलाड़ी के पिता से दरवाजा खुलवाया और कहा कि तुम्हारे शेर बेटे को मार दिया है. पुलिस का कहना है कि कबड्डी खिलाड़ी का आरोपियों से विवाद चल रहा था. इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. घटना ढिलवां इलाके की है. कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजपाल सिंह संधू ने बताया कि घटना को छह आरोपियों ने अंजाम दिया है. पुलिस की टीमों ने छापेमारी की और उनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया है. निजी दुश्मनी के कारण बुधवार रात हरदीप सिंह की तलवारों और अन्य हथियारों से हत्या की गई है.

## कनाडा में अरेस्ट वॉरंट लेकर गए पुलिस ऑफिसर की हत्या, दो अधिकारी घायल

**नई दिल्ली।** कनाडा के वैंकूवर में एक पुलिस अफसर की गोली मारकर हत्या कर दी गई. ऑफीसर अरेस्ट वॉरंट लेकर एक आरोपी के पास इसे तामील कराने के लिए गए थे. इस दौरान रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई और दो अन्य अधिकारी घायल हो गए. ब्रिटिश कोलंबिया के पुलिस प्रहरी स्वतंत्र जांच कार्यालय ने कहा कि गोलीबारी तब



हुई जब वैंकूवर से लगभग 30 किलोमीटर पूर्व में एक शहर कोक्विटलम में अधिकारियों का एक व्यक्ति के साथ विवाद हो गया. ऑफिस की ओर से कहा गया कि लगभग 20 साल के संदिग्ध को भी गोली मार दी गई और वह अस्पताल में हैं, हालांकि युवक खतरे से बाहर है और उसे जानलेवा चोटें नहीं आई हैं.

### कनाडा के सांसद ने खोली जस्टिन टूडो की पोल

## बोले- सरकार छिपा रही आतंकियों का सच

**खालिस्तान** के मुद्दे पर हुई भारत और कनाडा के बीच आई तल्खियों के बीच ब्रिटिश कोलंबिया के प्रमुख डेविड एबी ने कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का यकीन है कि कनाडा की सरकार खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रही है। बता दें प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख निज्जर की जून में ब्रिटिश कोलंबिया



के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। डेविड एबी ने कहा कि निज्जर की हत्या के बारे में उन्हें जो कुछ भी पता था वह सार्वजनिक दायरे में था। एबी ने कहा यह जानकारी कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) निदेशक के साथ एक ब्रीफिंग के बावजूद आई है। एबी ने मीडिया को बताया, मैं समझता हूं कि सीएसआईएस को नियंत्रित करने वाले अधिनियम में सुधार की जरूरत है ताकि वे इस जानकारी को साझा करने में सक्षम हो सकें।

# कलिंगा कंपनी के अधिकारियों की प्रताड़ना से महिला ने की आत्महत्या


## पति ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए कलिंगा कंपनी के अधिकारियों पर की कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा में एक कंपनी के दो अधिकारियों ने एक परिवार को इस कदर प्रताड़ित किया की पीड़ित ने कंपनी के दफ्तर के करीब ही जाकर आत्महत्या कर ली। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। यहां स्थित कलिंगा कंपनी के अधिकारी आलोक कुमार पांडे और प्रशांत कुमार देवरी पर आरोप है कि उनकी प्रताड़ना से एक महिला ने आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। दरअसल एसईसीएल मानिकपुर में नियोजित ठेका कम्पनी नारायणी में अमरैय्या पारा निवासी रूमेल सिंह बतौर ड्राइवर काम करता था। बाद में ठेका समाप्त होने के बाद उक्त कार्य की जिम्मेदारी कलिंगा कंपनी को दी गई। कम्पनी को तत्कालीन तौर पर पहले से नियोजित कर्मियों से कार्य पर वापस बुला काम लेना था




इसी उम्मीद के साथ रूमेल सिंह ने भी ड्राइवर के रूप में काम करने का अनुरोध किया जिस पर उसको आश्वस्त किया गया कि उसको जल्द ही काम पर बुला लिया जाएगा। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी बहाली न हो सकी तो उसने कंपनी के अधिकारी कलिंगा कंपनी के अधिकारी आलोक कुमार पांडा और प्रशांत कुमार देवरी से मुलाकात कर काम पर रखने का अनुरोध किया जैसा की पुलिस को दिए शिकायत में रूमेल सिंह ने आरोप लगाया है उस पर



दिनांक- 23/09/2023

प्रति,
श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय
कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

विषय : आलोक कुमार पाण्डा एवं प्रशांत कुमार देवरी अधिकारीगण कलिंगा कंपनी मानिकपुर के यातना एवं प्रताड़ना से तंग आकर मेरी पत्नी जिंदी सिंह के आत्महत्या किए जाने के संबंध में अपराध पंजीबद्ध किए जाने बाबत आवेदन पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं रुमेल सिंह पिता- केवल सिंह निवासी - अमरैय्यापारा बाईपास रोड पुलिस चौकी मानिकपुर का रहने वाला हूं। मैं पूर्व में मानिकपुर कोल फील्ड के अंतर्गत नारायणी कंपनी में वाहन चालक का कार्य करते आ रहा था इसी दौरान नारायणी कंपनी अपना कार्य समाप्त कर एस.ई.सी.एल. मानिकपुर खदान से चली गई पुनः नई ठेका पद्धति पर कलिंगा कंपनी ने एसईसीएल प्रबंध तंत्र से अनुबंध कर एसईसीएल मानिकपुर परियोजना में अपना कार्यभार लिया।

कार्यभार लेने के पश्चात आलोक कुमार पाण्डा एवं प्रशांत कुमार देवरी के द्वारा पैसा लेकर नौकरी में लोगों को लिया जाने लगा। जबकि मैं पूर्व से ही मानिकपुर कोल माइंस में वाहन चालक के पद में कार्यरत रहा हूं। जिस वजह से मुझे प्राथमिकता के आधार पर वाहन चालक के पद पर लिया जाना था। मेरे अनेकों निवेदन के बाद भी शुरु में मुझे रोजगार का आश्वासन देकर उक्त दोनों अधिकारियों के द्वारा घुमाया जाता रहा तथा उसके बाद उक्त दोनों अधिकारियों के द्वारा मुझसे नौकरी लगाने के नाम पर 40,000/- रुपए की मांग किया गया तथा कहा गया कि उक्त रकम देने पर मुझे नौकरी मिलेगा। जिस संबंध में उक्त दोनों अधिकारियों के द्वारा मुझे लिखित में भी आश्वासन दिया गया है। जिस पर विश्वास करके मेरे द्वारा विवश होकर मेरे द्वारा अपने बैंक से 20,000/- रुपए निकालकर एवं मेरी पत्नी द्वारा अपने परिचितों से 20,000/- रुपए उधार लेकर मुझे दिया गया तब मैं उक्त 40,000/- रुपए नगद को लेकर उक्त दोनों अधिकारियों को दिया किंतु इसके उपरांत भी मुझे रोजगार नहीं दिया गया।

यकीन करें तो उससे इन्हीं दोनों अधिकारियों ने 40 हजार रुपयों की मांग की। जिस पर उसने अपने पास में रखे 20 हजार रुपए और अपनी पत्नी जिंदी सिंह के द्वारा उधार में लेकर आए 20 हजार रुपए मिलाकर इनको दे दिया जिस पर इन दोनो आरोपियों ने उसको लिखित में काम पर रखने का आश्वासन भी दिया लेकिन लगातार उसको काम पर रखने घुमाते रहे। उसकी पत्नी को भी उधार वाले पैसों के लिए पूछते तो वो अपनी पति के नौकरी लगते ही पैसे वापस करने की बात कहती रही। इधर जिंदी सिंह ने भी कलिंगा कंपनी के अधिकारी आलोक कुमार पांडा और प्रशांत कुमार देवरी कई मर्तबा मिल उसके पति को काम पर वापस रखने का अनुरोध किया लेकिन हर उसे झूठा आश्वासन ही मिलता रहा और उससे वो प्रताड़ित होती रही। लिहाजा उसने 6 जुलाई को घर से कहीं जाने का बोल निकल गई। बाद में काफी तलाश के बाद पुलिस ने 9 जुलाई को उसकी लाश कलिंगा कंपनी के पास ही रास्ते के किनारे एक पेड़ पर लटकी मिली जिसके बाद अब उसके पति रूमेल सिंह ने कलिंगा कंपनी के अधिकारी आलोक कुमार पांडा और प्रशांत कुमार देवरी की प्रताड़ना से तंग आकर उसकी पत्नी की हत्या का आरोप लगाते कार्रवाई की मांग की है।

## ओवरटेक करते समय सड़क से उतरी स्कूल बस, चीख-पुकार के बीच ग्रामीणों ने बच्चों को सुरक्षित निकाला

**जशपुर।** तेज रफ्तार स्कूल बस ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई. दुर्घटना के समय बस में दो दर्जन से अधिक बच्चे सवार थे, गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई है. जानकारी के अनुसार, जिले के कांसाबेल के ग्राम पंचायत हथगड़ा के पास बच्चों को लेकर जा रही डीएवी स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई. बस में दो दर्जन से अधिक बच्चे सवार थे, दुर्घटना के समय कुछ बच्चे खिड़की से बाहर छिटककर नीचे जा गिरे. बारिश की वजह से जमीन के गीला होने से बच्चों को चोट नहीं आई. प्रत्यक्षदर्शियों के



मुताबिक, चालक स्कूल बस को तेज गति से चला रहा था. ओवरटेक के दौरान सड़क से नीचे उतर गई, और जमीन के गीला होने की वजह से फंस गई. घटना को देखते हुए आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बस से बच्चों को सुरक्षित निकाला, वहीं ट्रैक्टर की मदद से बस को सड़क पर वापस लाया गया.

## चिटफंड कंपनी माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की खिलौरा स्थित भूमि होगी नीलाम

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के निवेशकों से राशि इकट्ठा कर ठगी करने वाली चिटफंड कंपनी माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की खिलौरा गांव की साढ़े चैदह हेक्टेयर से अधिक जमीन को नीलाम किया जाएगा। चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर दूर्गा प्रसाद मिश्रा के नाम पर दर्ज खिलौरा के पटवारी हल्का नं. 11/3 में दर्ज कुल 36 खसरों की 14.620 हेक्टेयर भूमि की नीलामी अभनपुर तहसील कार्यालय में होगी। यह नीलामी आगामी 9 अक्टूबर 2023 को दोपहर 2 बजे से खुली बोली के आधार पर की जाएगी। नीलामी



**साढ़े चौदह हेक्टेयर से अधिक भूमि की नीलामी अभनपुर तहसील कार्यालय में 9 अक्टूबर**

के संबंध में संपूर्ण जानकारी कार्यालयीन दिनों में अभनपुर तहसील कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# स्वास्थ्य अधिकारी ने विद्यार्थियों को दी डेंगू से बचाव के संबंध में जानकारी

## डेंगू से बचाव व जागरूकता के लिए विद्यालयों में दिलाई गई स्वच्छता शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**कलेक्टर सिन्हा के नेतृत्व में डेंगू से बचाव के लिए युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया है। डेंगू के लिए सर्वे के साथ जन-जागरूकता अभियान, दवा का छिड़काव जैसे काम पूरी क्षमता से किया जा रहा है।**





इसी कड़ी में सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने शहर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम नटवर स्कूल में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डेंगू से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि सावधान और जागरूक रहकर इससे बचने की सलाह दी।

सीएमएचओ ने बताया कि एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह दिन में काटता है। पाँच से छह दिन बाद डेंगू के लक्षण नजर आते हैं। उन्होंने एडीज मच्छर के प्रजनन व उसे फैलने से रोकने के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को डेंगू बीमारी से खुद को बचाने के लिए विभिन्न उपायों का पालन करने की सलाह दी है। उन्होंने डेंगू से बचने के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने घरों को साफ रखने के लिए सभी उपायों की जानकारी देकर अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु सामुहिक योगदान का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों एवं उनके जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इस मौके पर नगर निगम की टीम एवं स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रूबी वर्गीस उपस्थित रही।

### डेंगू से बचाव के लिए विद्यालयों में दिलाई गई स्वच्छता शपथ

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के बाद जिले के समस्त विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं व स्टाफ को डेंगू से बचाव व जागरूकता अंतर्गत स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन में प्रत्येक स्कूल में एक नोडल टीचर की नियुक्ति की गई थी, जिनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी व पाम्पलेट का पूर्व अध्ययन करके डेंगू से सावधानी एवं बचाव से सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को प्रार्थना सभा में अवगत कराया गया कि किस प्रकार सावधानी बरतनी है और डेंगू से बचने के क्या-क्या किया जाना है, स्कूल के सभी बच्चों को विस्तार से बताया गया। साथ ही बच्चों को यह भी अवगत कराया गया कि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करें कि डेंगू होने के क्या कारण होते है और इससे कैसे बचा जा सकता है। डेंगू बचाव व जागरूकता तथा स्वच्छता शपथ हेतु समस्त बीईओ बीआरसी एबीईओ प्राचार्य सीएससी प्रधान पाठक शासकीय और अशासकीय समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया गया था।

## एक नजर

### विधानसभा निर्वाचन कार्यों में वीडियोग्राफी कार्य के लिए 6 अक्टूबर तक मंगाये गये निविदा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केन्द्र, मतदान केन्द्र, मतगणना, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यो में वीडियोग्राफी किए जाने हेतु पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थाओं/फर्मो से निविदा मंगाये गये है। इच्छुक संस्था एवं फर्म निर्धारित फार्म में निविदा 6 अक्टूबर 2023 अपरान्ह 3 बजे तक कलेक्टोरेट कार्यालय, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 23 में जमा कर सकते है। निविदा उसी दिन शाम 4 बजे कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अथवा कलेक्टोरेट कार्यालय के उप जिला निर्वाचन अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### कालीबाड़ी में चाकूबाजी , बाप-बेटे घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लगातार आए दिन चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसा ही मामला कालीबाड़ी नेहरू नगर के पास घटा है। इस चाकूबाजी का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आप देख सकते हैं कि, कैसे बाप-बेटे एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर रहे हैं। जैसे- तैसे युवक जान बचा कर भाग निकला। इस हमले में युवक घायल हो गया। इसके बाद युवक ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं दूसरा फरार है। फिलहाल पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है।

### सोरडोंगरी से नाबालिग गायब

**रायपुर ।** कबीरनगर थाना क्षेत्र के सोनडोंगरी से किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक 16 साल की नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने मामले में अपहरण का मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोरडोंगरी निवासी 37 वर्षीया प्रार्थीया ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि घटना दिनांक 17 सितंबर को कोई अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थीया की 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अपने साथ बहला-फुसला कर भगा ले गया। प्रार्थीया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### युवक को चाकू मारकर किया घायल

**रायपुर ।** कोतवाली थााना क्षेत्र के नेहरू नगर स्थित संतोष सेलून के पास बंटू तथा देव मेश्राम नाम युवक ने एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरीश तांडी पिता कृष्णा तांडी 28 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराया कि प्रार्थी संतोष सेलून के पास खड़ा हुआ था। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचे और ज्यादा हीरो बनता है, कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने अपने पास रखे चाकू से प्रार्थी को मारकर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### बोलेरो ने बाइक सवार को रौंदा

**रायपुर ।** उरला थाना क्षेत्र के रिंग रोड नंबर 3 स्थित सीजी 02 ढाबा के निकट एक तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी बोलेरो क्रमांक सीजी 04 एनवाय-8784 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक क्रमांक 04-एनवाय/ 3654 के चालक जयनम सिंह रंधे पिता बाबा सिंह रंधे निवासी जनता कालोनी टाटीबंध को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जयनम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उरला थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### सूने मकान से एक लाख का माल पार

**रायपुर ।** सेजबहार थाना क्षेत्र के बोरिया हाउसिंग बोर्ड कालोनी के एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने करीब एक लाख रूपए का माल पार कर दिया। उप अभियंता नगर निगम जोन क्रमांक 10 की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अतुल सिंह उप अभियंता नगर निगम जोन क्रमांक 10 ने शिकायत दर्ज कराया कि शुक्रवार की रात कोई अज्ञात आरोपी ने नगर निगम द्वारा क्रय किया गया खाली मकान का ताला तोड़कर, लोहे की खिड़की, दरवाजा, पीवीसी पाईन, पानी टंकी तोड़कर नुकसान पहुंचा कर कीमती 1 लाख रूपए चोरी कर ले गया ।

## रायपुर में बलवा, 2 पक्षों के लोग भिड़े

**रायपुर।** रायपुर में शुक्रवार शाम को दो पक्षों के बीच बढ़ा विवाद बलवे में तब्दील हो गया। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें दो पक्षों के करीब 50 लोग लाठी, फावड़ा और सरिया लेकर दौड़ते दिख रहे हैं। मारपीट के बाद मोहल्ले की महिलाएं बड़ी संख्या में देर रात कोतवाली पहुंचीं। पूरा मामला टिकरापारा और कोतवाली थाने के बीच के दो मोहल्लों का है।



शुक्रवार शाम करीब 7 बजे पुजारी नगर की महिलाएं नवाखाई त्यौहार मनाकर पड़ोस के ढीमर मोहल्ले में गणेश पंडाल पहुंची थीं। महिलाएं वहां पूजा पाठ करने लगीं। इसी दौरान भीड़ में से कुछ लोग गाली-गलौज करने लगे। महिलाओं ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो बात बढ़ गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। हालांकि मारपीट में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। घटना के बाद देर रात इलाके की महिलाएं बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंचीं। ढीमर पारा की छाया धीवर का कहना है कि पड़ोस के मोहल्ले के कुछ लोग चाकू लेकर घूम रहे हैं। पता नहीं कब क्या हो जाए। महिलाओं ने अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

# विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम मेले तथा क्विज प्रतियोगिता आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला के निर्देशन में स्थानीय ललित पाठशाला में विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेले तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड के 38 संकुलों से आए हुए संकुल स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में क्लब क्लस्टर में आयोजित प्रतियोगिता के तहत कुल 12 संकुल केंद्रो ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता कबाड़ सामग्री से विभिन्न प्रकार के मॉडल के निर्माण से संबंधित थी। प्रतियोगिता प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए




आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में बच्चों और शिक्षकों के द्वारा विज्ञान तथा गणित विषय पर उनके प्रभावी तथा सरल तरीके से प्रदर्शन हेतु मॉडल तैयार किए गए थे। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए पृथक-पृथक किया गया। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन दो चक्र में किया गया।

टीएम मेले में प्रथम स्थान प्राथमिक शाला कुर्मापाली संकुल केंद्र तारापुर के बच्चों के द्वारा निर्मित मॉडल को प्राप्त हुआ तथा द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला भद्रापाली के बच्चों के द्वारा निर्मित मॉडल को प्रदान किया गया। माध्यमिक शाला में टीएल एम हेतु प्रथम स्थान माध्यमिक शाला रामभांठा के बच्चों के द्वारा निर्मित मॉडल को तथा द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला कोडतराई के बच्चों के द्वारा निर्मित मॉडल को प्रदान किया गया। क्विज प्रतियोगिता में माध्यमिक खंड से प्रथम स्थान माध्यमिक शाला बालमगोडा संकुल केंद्र कोटरा के छात्र से भावेश यादव एवं श्री शुभम श्रीवास ने समस्त प्रतिभागियों को पराजित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कुमारी सौम्या तथा कुमारी पूनम माध्यमिक शाला गेरवानी के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक खंड के बीच क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राथमिक शाला अमापाल तथा दनौट तथा द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला पटेलपाली एवं बालमगोड़ा ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में बीआरसी मनोज अग्रवाल के द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया की नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें से विज्ञान एवं गणित प्रतियोगिताएं बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए आयोजित की गई है।



# डेंगू नियंत्रण पर चला समीक्षा का दौर, जिला स्तरीय अधिकारी मैदान में

## कलेक्टर सिन्हा ने प्रशासन को किया एक्टिव, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश





जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डेंगू नियंत्रण में किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने उत्तरदायी अधिकारियों से डेंगू नियंत्रण पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की बारी-बारी से जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि शहर में बढ़ते डेंगू प्रकरण के मद्देनजर कलेक्टर सिन्हा ने डेंगू सोर्स रिडक्शन एवं जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के पूरे वार्डों में पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की ड्यूटी लगाई है। बैठक में उत्तरदायी विभागीय अधिकारियों ने कलेक्टर सिन्हा को विभिन्न वार्डों में किए कार्यों में क्रमश: जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि डोर टू डोर निरीक्षण में कोटना, खाली टायर, हेलमेट जैसे विभिन्न वस्तुओं में पानी जमा पाया गया जिसे साफ करवा कर लोगों को जागरुक किया गया। जिससे डेंगू लार्वा न पनप सके। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन द्वारा जागरूकता हेतु पाम्पलेट वितरण किया जा रहा हैं। कलेक्टर सिन्हा ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि स्कूलों में डेंगू से बचाव के संबंध में बच्चों को जानकारी दे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान मच्छरदानी के उपयोग एवं जल जमाव से बचने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया। इसके पश्चात कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी की बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा की वर्तमान में बारिश ही रही है। लिहाजा आगामी दिनों में बारिश के रुकने के पश्चात डेंगू के संक्रमण बढने की संभावना बढ़ेगी। जिसके लिए लगातार सफ ाई कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने हेल्थ ऑफि सर से

> गंदगी फैलाने वाले 20 लोगों पर हुई 3300 रुपए जुर्माने की कार्यवाही
>
> * पानी के ठहराव पर एवं लार्वा पाए जाने पर होगा जुर्माना
>
> * निदान 1100 पर आ रही शिकायतों का तत्काल करें निराकरण

वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्य योजना की जानकारी ली। हेल्थ ऑफि सर ने बताया की वर्तमान में शहर के वार्डो में फ ॉगिंग, सफ ाई, कचरा उठाव एवं दवाई का छिड़काव लगातार किया जा रहा हैं। कलेक्टर सिन्हा ने सफाई दरोगा एवं सभी सफाई कर्मियों को आगामी पखवाड़े भर मिशन मोड पर सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे डेंगू प्रकरण पर नियंत्रण किया जा सके। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल ने शहर में डेंगू के संक्रमित मरीजों की संख्या से अवगत कराया। साथ ही मेडिकल ऑफि सर डॉ. पीकेगुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डेंगू से बचाव, लक्षण एवं सुरक्षा की जानकारी दी। उन्होंने सफ ाई कर्मियों को सफ ाई कार्य के दौरान फ ुल स्लीव शर्ट पहनने एवं मच्छरों से बचाव के लिए लोशन लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने आप को सुरक्षित कर कार्य करें। बैठक में अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

निदान 1100 पर आ रही शिकायतों का तत्काल करें निराकरण कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में सफाई संबंधी शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर निदान 1100 जारी किया गया हैं। जिस पर कॉल कर वार्डो की गंदगी के संबंध में शिकायत की जा सकती हैं। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शहर के विभिन्न वार्डो से आ रहीए शिकायतों का तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए। जिससे सफ ाई कार्य से लोगों को राहत मिले।

### गंदगी फैलाने पर हुई जुर्माने की कार्यवाही

**कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों में डंप रॉ.मटेरियल के कारण नाली जाम एवं जल जमाव की स्थिति बन रही है। जो संक्रमण का कारण बनेगा। रॉ.मटेरियल डंप करने वालों पर प्राथमिकता से जुर्माने की कार्यवाही की जाए। इसी क्रम में निगम द्वारा कल गंदगी फैलाने वाले 20 लोगों पर 3300 रुपए जुर्माने की कार्यवाही की गई। इस दौरान उन्होंने सभी को गंदगी नहीं करने की चेतावनी देते हुए दोबारा गंदगी करने पर जुर्माने के साथ वैधानिक कार्रवाई करने समझाइश दी गई।**

## एक नजर

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन, उपादान पुनरीक्षण के संबंध में दे जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारी को आगामी 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों तथा 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की पेंशन/उपादान पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी देने हेतु कहा है। उन्होंने कहा कि वित्त निर्देश-26/2023 द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में शासकीय सेवकों का काल्पनिक आधार पर 1 जनवरी एवं 1 जुलाई को एक वेतन देकर पुनरीक्षित पेंशन/उपादान का लाभ देय है। अतएव अपने विभाग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जानकारी निर्धारित प्रारूप जमा करें, ताकि वेतन वृद्धि काल्पनिक आधार पर जोड़कर सेवा पुस्तिका में इन्द्रांज कर सेवा पुस्तिका पेंशन पुनरीक्षण प्रस्ताव संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर को नियमानुसार यथाशीघ्र प्रेषित किया जा सके।

### भूपेश बघेल प्रदेश की सेवा के लिये नहीं गांधी परिवार की सेवा के लिये मुख्यमंत्री बने हैं : कौशिक

**कोरबा** । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा के द्वितीय चरण में शामिल होकर रामपुर विधानसभा क्षेत्र के करतला में आयोजित आम सभा को संबोधित किये इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है इससे पहले भी 2003 में भी बीजेपी ने यात्रा निकली थी और कांग्रेसी कुशासन को जड़ से उखाड़ फेंका था। आज इतिहास फिर स्वयं को दोहरा रहा है और एक बार फिर परिवर्तन यात्रा निकली है और इस बार भी सीएम भूपेश बघेल वाली कांग्रेसी कुशासन को हम जड़ से उखाड़ फेकेगें। छत्तीसगढ़ के वासियों ने बीजेपी के 15 वर्ष का विकास देखा है किन्तु प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इन पांच सालों में प्रदेश के विकास को गर्त पर ढ़केल दिया है। इस यात्रा में हमें प्रदेश का विकास ढुंढने से नहीं मिल रहा है तो भूपेश बघेल कौन से विकास की राग अलापते है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की जनता के सेवा के लिये नहीं बल्कि गांधी परिवार की सेवा के लिये मुख्यमंत्री बने है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने लोगों से की अपील

# डेंगू से बचने घरों में जमा अनुपयोगी पानी तुरंत करें खाली, प्रशासन का करें सहयोग



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीम लगातार फ ील्ड पर सर्वे और साफ.सफाई के कार्य में लगी हुई है। टीम घर घर जाकर डेंगू लार्वा की जांच कर रही है। डेंगू से बचाव के लिए रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में लगातार समझाइश दे रही है। डेंगू की जांच और उपचार के लिए भी व्यवस्थाएं बढ़ाई गई हैं। इन सभी के साथ डेंगू के रोकथाम के लिए जन सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण्मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी तक शहर में संपर्क किए घरों में काफी मामले ऐसे आए हैं जहां लंबे समय से कूलर, गमले, आदि जगहों पर पानी जमा है। जो डेंगू लार्वा के पनपने के लिए सबसे अनुकूल जगह होती है। डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है लार्वा को नष्ट करना और ऐसा कोई वातावरण नही देना जिससे वह फि र से पनप सके। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा है कि अपने-अपने घरों में जांच कर लें। यदि घर के भीतर या आस.पास कूलर, फ्रिज के कंटेनर, गमले, टायर या अन्य स्थानों पर लंबे समय से पानी जमा है तो उसे तत्काल खाली करें। क्योंकि ऐसे पानी में डेंगू लार्वा पनपने की संभावना अत्यधिक होती है।

> डोर टू डोर सर्वे में घरों में कूलर, फ्रिज कंटेनर व अन्य जगहों पर लंबे समय से पानी जमा होने के बहुत से मामले आ रहे सामने

गौरतलब है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में शहर में डेंगू के रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमें लगी हुई हैं। लोगों को भी लगातार घरों में साफ -सफाई बनाए रखने की समझाइश दी जा रही है। कलेक्टर सिन्हा ने टीमों को सख्त निर्देश दे रखें हैं लगातार समझाईश के बाद भी साफ -सफ ाई और घरों में पानी जमा होने देने के मामले में लापरवाही करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाए।



# राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक में हिस्सा लेंगे जिले के 32 खिलाड़ी

## 25 से 27 सितम्बर को होगा रायपुर में राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 25 से 27 सितम्बर को रायपुर में होगा। जिसमें रायगढ़ जिले के संभाग स्तरीय खेल में विजयी 32 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिनमें 23 महिला एवं 9 पुरूष शामिल है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले के विजयी हुये सभी खिलाड़ी को आगामी राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है स्व.बी.आर.यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला-बिलासपुर में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 19 एवं 21 सितम्बर को आयोजित हुआ था। जिसमें जिले से कुल 16 खेलों के लिए 190 पुरूष, 184 महिला एवं 20 ऑफिसियल्स सहित कुल 394 सदस्यीय दल हिस्सा लिये थे। जिसमें विभिन्न खेलों एवं आयु वर्ग के 32 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के लिए चयन हुआ है।

### राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले के ये 32 खिलाड़ी होंगे शामिल

संभाग स्तरीय स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में शामिल होकर अपना बेहतरीन खेल प्रदर्शन से इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विभिन्न खेलों में अपनी जगह बनायी है। जिसमें पुरूष कुश्ती में जतीन शर्मा एवं जामवंत, कुश्ती महिला में उत्तराबाई सिदार शामिल है। इसी तरह संकली खेल पुरूष वर्ग में विपिन खेम्स, अनमोल लकड़ा, नासरीत खेम्स, जॉन पाल खेम्स, प्रकीत एक्का, अर्पण टोप्पो, प्रतीक लकड़ा, संकली खेल महिला वर्ग में प्रेमलता निषाद, महिमा सरल, रंजू सिदार, निरूपा सिदार, ललिता निषाद, प्रिया सरल, महिमा यादव, रस्साकसी महिला में सपना भगत, नीलम राठिया, आरती भगत, कांति भगत, लीलिमा तिर्की, अनमोल भगत, गायत्री सिदार, निकिता सिंह, सुप्रभा पैकरा, बांटी प्रतियोगिता महिला में धनकंवर, उषा बाई, सुलोचना, कांति, लम्बी कूद महिला में ज्योति सिंह तथा बिल्लस में धनमती भगत शामिल है।



# डॉ. अर्चना ने चक्रधर समारोह पर की पीएचडी, मिला सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलासाधकों के लिए देश के सबसे बड़े व प्रतिष्ठित सांस्कृतिक महोत्सव चक्रधर समारोह के मंच पर इस बार एक शिक्षाविद् को चक्रधर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह व्यक्तित्व जाने माने शिक्षाविद् व भागवत मर्मज्ञ पीडी कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो क्रांतिकुमार तिवारी एंव कुसुम तिवारी की सुपुत्री तथा कोरबा के शासकीय महाविद्यालय मे पदस्थ प्राध्यापक प्रो अर्चना दीवान का है जिन्होंने रायगढ़ के एतिहासिक दस दिवसीय चक्रधर समारोह पर पीएचडी कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। बीते 19 सितंबर से आडिटोरियम मे आरंभ तीन दिवसीय चक्रधर महोत्सव के दूसरे दिन 20 सितंबर को डॉ अर्चना दीवान को चक्रधर सम्मान से अलंकृत किया गया। यह पूरे जिले के लिए एक गौरवशाली क्षण था जब नगर की एक बेटी ने शहर की विराट सांस्कृतिक धरोहर पर पीएचडी करते हुए राजा चक्रधर सिंह नामक किताब लिखकर महोत्सव की स्मृतियों को अमिट पहचान दे दी। अर्चना की इस उपलब्धि पर जहां उनके वयोवृद्ध माता-पिता को गर्व है वहीं चक्रधर समारोह आयोजन के मुख्य शिल्पी कलागुरु वेदमणि सिंह ठाकुर, जगदीश मेहर,मनहरण सिंह ठाकुर, गणेश कच्छवाहा, बासंती वैष्णव समेत चक्रधर समारोह मे मौजूद सभी दर्शकों मे हर्ष का माहौल नजर आया और डॉ. अर्चना को सम्मानित करने के दौरान पूरा आडिटोरियम करतल ध्वनि से गूंज उठा। गौरतलब है कि अर्चना दीवान ने संत गहिरा गुरु महाविद्यालय अंबिकापुर से अपनी पीएचडी पूरी की है जो चक्रधर समारोह पर आधारित है।

# नोडल अधिकारी अपने दलों की ट्रेनिंग करवा लें पूरी-कलेक्टर

## कलेक्टर सिन्हा ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक, निर्वाचन के तैयारियों की हुई समीक्षा



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफि सर सहित समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि 04 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। जिसके तुरंत बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता लागू कर दी जाएगी। अत:निर्वाचन संपन्न कराने के लिए जो प्रशासनिक तैयारियां चल रही हैं, उन्हें समयावधि को ध्यान रखते हुए पूरी कर ली जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को उनकी टीम में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों की ट्रेनिंग जल्द पूर्ण करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया। कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ निर्वाचन के दौरान मतदान दलों को सामग्री वितरणए उनके आने जाने और रुकने के इंतजाम, मतदान केंद्रों में व्यवस्था, विधानसभा वॉर नामांकन पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था, फ्लाइंग स्क्वाड और स्टेटिक सर्विलेंस टीम, व्यय प्रेक्षण, पोस्टल बैलेट, शिकायत निवारण, निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था आदि के संबंध में तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए समय-सीमा में सारी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने सभी नोडल अधिकारियों से अब तक हुई तैयारियों के विषय में जानकारी भी ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, ज्वाइंट कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, ज्वाइंट कलेक्टर धनीराम रात्रे सहित सभी एसडीएम व नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्वाचन में लगे सभी टीमों की ट्रेनिंग करवा लें नोडल अधिकारी

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन संपन्न कराने के लिए अलग-अलग कार्यों के लिए टीमें गठित की गई हैं। कलेक्टर सिन्हा ने सभी नोडल अधिकारियों को उनसे जुड़े कार्य के लिए गठित टीमों के ट्रेनिंग जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे सभी कार्य सुचारू रूप से संपादित हों।

### मतदान केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं हो सुनिश्चित-कलेक्टर

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मतदान केंद्रों में पीने का पानी, रैंप, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। साथ ही यहां मतदान दलों के रुकनेए आने.जाने का रूट चार्ट के बारे में भी समुचित जानकारी संबंधित दल के लिए तैयार कर लें। उन्होंने सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवा लें।


### नए मतदान केन्द्रों के बारे में वोटर्स को दें जानकारी

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिले में नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, कुछ मतदान केंद्रों के भवन एवं स्थल परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने इन मतदान केंद्रों के मतदाताओं को अनिवार्य रूप से उनके मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दें।

> मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
>
> नए केंद्रों के साथ पुराने केंद्रों में परिवर्तन की वोटर्स को दें जानकारी
>
> 04 अक्टूबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन



## विवेक अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर को मिला यू सर्टिफिकेट



विवेक अग्निहोत्री मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म द वैक्सीन वॉर को लेकर चर्चा में है।कुछ दिन पहले फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जो कोरोना वायरस की भयावह तस्वीर को दिखा रहा है।ताजा खबर यह है कि द वैक्सीन वॉर को सेंसर बोर्ड ने यू सर्टिफिकेट द्वारा पास कर दिया है, इसका मतलब है कि सभी उम्र में लोगों को फिल्म देखने की अनुमति है।फिल्म 2 घंटे 40 मिनट और 43 सेकेंड की होगी। द वैक्सीन वॉर 28 सितंबर को सिनमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।टिकट खिड़की पर इस फिल्म का सामना ऋचा चड्ढा, पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारों से सजी फिल्म फुकरे 3 से होगा।



## सारा का पहली बार पर्दे पर दिखेगा धाकड़ अवतार, ताबड़तोड़ एक्शन कर टाइगर को देंगी टक्कर


सारा अली खान ने फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और अपनी पहली ही फिल्म से उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था। पिछली फिल्म जरा हटके जरा बचके में भी सारा अपना जादू चलाने में सफल रहीं। बहरहाल, उनके पास कई फिल्में हैं, जिनमें से एक की तैयारी में उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सारा की जोड़ी टाइगर श्रॉफ के साथ बनी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सारा जल्द ही एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर के साथ नजर आएंगी, जो जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही है। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि फिल्म में सारा एक ऐसे धाकड़ अवतार में नजर आने वाली हैं, जो अब तक इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला। वह खुद को तैयार करने के लिए रूरू (मिश्रित मार्शल आर्ट) में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण ले रही हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सारा ने अब तक देसी गर्ल या रोमांटिक किरदार निभाए हैं और उनकी भूमिकाओं को पसंद भी किया गया है, लेकिन टाइगर अभिनीत फिल्म में वह अपने प्रदर्शन और जोरदार एक्शन दृश्यों से सबको हैरान कर देंगी। इसमें उनका एक अलग ही पक्ष देखने को मिलेगा, जो उनके 5 साल के करियर में अब तक देखने को नहीं मिला। अपने एक्शन से दर्शकों को चौंकाने के लिए सारा ने जी-जान लगा दी है। सारा नहीं चाहतीं कि फिल्म में उनका एक्शन बनावटी लगे। इसे वास्तविक बनाने के लिए वह कड़ी मेहनत कर रही हैं और रोजाना घंटों एक्शन की प्रैक्टिस करती हैं ताकि पर्दे पर टाइगर से कमतर न दिखें। वह किसी को शिकायत का कोई मौका नहीं देना चाहतीं, इसलिए उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के लिए कमर कस ली है। वह अपनी फिटनेस और डाइट पर भी खास ध्यान दे रही हैं। सारा को उम्मीद है कि उनकी मेहनत रंग लाएंगी।

## लाल साड़ी में फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा गईं अनन्या पांडे

### अदाएं ऐसी...उड़ाई रातों की नींद

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने क्यूट एंड ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर तहलका मचाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल मचल दिया है।**

इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखकर फैंस की सांसे थम गई हैं। ड्रिमगर्ल 2 फेम एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपने नए-नए लुक्स फैंस के पीछे शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स से इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते है अनन्या पांडे ने रेड कलर की स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है। अनन्या पांडे अपने इस लुक में काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। एक्ट्रेस ना सिर्फ वेस्टर्न बल्कि ट्रेडिशनल में भी बेहद कमाल की नजर आ रही हैं। बता दें कि अनन्या पांडे जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके तस्वीरों पर जमकर लाइक्स करते हैं। दरअसल, ये फोटो अंबानी फैमिली के गणपति महोत्सव की है। इस दौरान एक्ट्रेस के लुक पर फैंस की निगाहें अटकी रह गईं।



## नेपोटिज्म की बहस ने मुझे एक बेहतर अभिनेता और इंसान बनने प्रेरित किया: राजवीर देओल



सनी देओल के छोटे बेटे अभिनेता राजवीर देओल फिल्म दोनों से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेपोटिज्म की बहस ने उन्हें एक बेहतर अभिनेता और इंसान बनने के लिए प्रेरित किया है। अभिनेता राजवीर, पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा के साथ बॉलीवुड डेब्यू की तैयारी कर रहे हैं, जो फिल्म दोनों से अपने अभिनय करियर की शुरुआत कर रही हैं। फिल्म दोनों सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्या के निर्देशन की पहली फिल्म भी है।


फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और सभी को राजवीर और पलोमा की केमिस्ट्री काफी पसंद आ रही है। राजवीर ने फिल्म के बारे में बताया कि कैसे उन्होंने भूमिका के लिए खुद को तैयार किया। नेपोटिज्म जैसे चर्चित विषय पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा कि मैंने इस विषय पर नहीं सोचा है। मुझे लगता है कि नेपोटिज्म की बहस ने मुझे एक बेहतर अभिनेता और इंसान बनने के लिए प्रेरित किया है। स्टार किड होने का फायदा सिर्फ इतना है कि आप एक मीटिंग शेड्यूल कर लेते हैं। उसके बाद काम मिलने की कोई गारंटी नहीं होती। फिल्म दोनों में रोल मिलने से पहले मैंने तीन ऑडिशन दिए थे। भूमिका के लिए अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले हमने कई वर्कशॉप कीं।

## जैस्मीन भसीन ने बताया भगवान गणेश को क्यों कहा जाता है विघ्नहर्ता गणेश



भगवान गणपति के आगमन पर अभिनेत्री जैस्मीन भसीन ने बताया कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता गणेश क्यों कहा जाता है और इस साल उन्होंने किस चीज के लिए प्रार्थना की। अभिनेत्री ने कहा, गणेश चतुर्थी सभी के लिए प्रासंगिक है और यह राष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाती है। मेरे पास अपने गृहनगर कोटा, राजस्थान से गणेश चतुर्थी की सुखद यादें हैं। मैं बहुत सारी झाकियां देखती थी और इस अवसर के लिए तैयार होती थी और ढेर सारी मिठाइयां खाती थी। मुंबई में उनका अनुभव और भी खास है। उन्होंने कहा, यहां आने के बाद मुझे एहसास हुआ कि गणपति का उत्साह कई दिनों तक चलता है। माहौल बिल्कुल बदल जाता है। जब से मैं मुंबई में हूं, मैंने अपने दोस्तों को घर पर गणपति लाते हुए देखा है, इसलिए मैं उनसे मिलने जाती हूं और मोदक भी खाती हूं। आगे कहा, मुझे लगता है कि उत्सव शहर के मन और वातावरण के लिए बहुत शुद्ध है और गणेश को एक कारण से विघ्नहर्ता गणेश कहा जाता है।

## अक्षय कुमार के साथ फिर एक्शन फिल्म बनाएंगे रोहित शेट्टी, मोहित सूरी करेंगे निर्देशन



2018 में अक्षय कुमार रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बने थे।उन्होंने रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में मुख्य भूमिका निभाई थी। अपने इस किरदार के साथ वह कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म सिंबा में भी नजर आए थे।इन दिनों रोहित की सिंघम अगेन चर्चा में है, जिसमें कॉपी यूनिवर्स के सभी किरदार निजर आएंगे। इसी बीच खबर है कि रोहित अक्षय के साथ एक अन्य फिल्म के लिए भी साझेदारी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रोहित और अक्षय एक नई फिल्म के लिए साझेदारी करने जा रहे हैं। यह एक एक्शन फिल्म होगी, जिसका निर्देशन मोहित सूरी करेंगे।रोहित, मोहित और अक्षय तीनों काफी समय से इस फिल्म पर चर्चा कर रहे थे। अब आखिरकार तीनों के मनमाफिक स्क्रिप्ट तैयार है।पोर्टल के सूत्र के अनुसार, यह एक एक्शन फिल्म होगी, जिसमें अक्षय का बिल्कुल नया और रोमांचक अंदाज देखने को मिलेगा। इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट देखने को मिलेगी, क्योंकि कहानी में कई निर्णायक किरदार हैं।रोहित की आगामी फिल्मों में यह शीर्ष पर शुमार है। इसके स्क्रिप्ट और नैरेशन का काम हो चुका है। इसे लेकर औपचारिकाएं भी लगभग पूरी हो चुकी हैं।अब टीम इसकी शूटिंग शेड्यूल को तय करने में लगी है। इसकी शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू हो सकती है। सूर्यवंशी की सफलता के बाद अक्षय और रोहित दोनों इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। रोहित की फिल्म सिंघम अगेन काफी समय से चर्चा में है। एक तरफ सिंघम के प्रशंसक इसे लेकर काफी उत्सुक हैं।

## खेल



## राहुल ने छक्का लगाकर भारत को जिताया

### अय्यर से छूटा वॉर्नर का कैच, मैदान में घुसा फैन, बाल-बाल बचे अंपायर; टॉप मोमेंट्स

**मोहाली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में 5 विकेट से हरा दिया। मोहाली में टीम इंडिया के स्टैंड-इन कप्तान केएल राहुल ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। इंजरी के बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर से डेविड वॉर्नर का कैच छूट गया। सूर्यकुमार यादव ने कैमरून ग्रीन को रन आउट किया। मोहाली के इंद्रजीत बिंद्रा स्टेडियम में एक फैन भी मैदान में घुस आया। वहीं अंपायर अनंत पद्मनाभन गेंद लगने से बाल-बाल बच गए।**

ऑस्ट्रेलियाई पारी के 9वें ओवर की आखिरी बॉल शार्दूल ठाकुर ने फुलर लेंथ फेंकी। इसे डेविड वॉर्नर ने मिड ऑफ पर खेला। बॉल सीधे श्रेय्यर अय्यर के पास गई, लेकिन अय्यर कैच नहीं पकड़ सके। कैच छूटने के वक्त वॉर्नर 16 रन पर खेल रहे थे, उन्होंने 52 रन की पारी खेली।

23वें ओवर की पहली बॉल पर विकेटकीपर केएल राहुल ने मार्नस लाबुशेन को रनआउट करने का मौका गंवाया। रवींद्र जडेजा की बॉल को लाबुशेन ने एक्स्ट्रा कवर की दिशा में धकेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। कैमरून ग्रीन ने रन लेने से मना कर दिया। लाबुशेन जब तक वापस लौट पाते, तब तक फील्डर का थ्रो राहुल के पास आ गया, लेकिन राहुल बॉल को कलेक्ट नहीं कर सके और लाबुशेन को जीवनदान मिल गया। उस वक्त लाबुशेन 11 रन बनाकर खेल रहे थे। बाद में उन्हें राहुल ने ही अश्विन की बॉल पर स्टंप आउट किया। यह बॉल भी राहुल के हाथ से छूटी, लेकिन पैड से टकराकर वापस स्टंप्स से लग गई, तब लाबुशेन का पैर क्रीज से बाहर था।



36वें ओवर में शाम करीब 4:00 बजे बारिश आ गई। जिस कारण खेल रोकना पड़ा, तब ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर 166/4 था। कुछ देर बाद ही बारिश रुकी और करीब 15 मिनट की रुकावट के बाद खेल फिर शुरू हो गया।

ऋतुराज गायकवाड के थ्रो पर सूर्यकुमार यादव ने कैमरून ग्रीन को रनआउट किया। दरअसल, 39वें ओवर की तीसरी बॉल मोहम्मद शमी ने गुड लेंथ पर फेंकी, बॉल बल्ले का बाहरी किनारा लेकर केएल राहुल के पास गई, लेकिन राहुल से छूटकर थर्ड मैन की दिशा में चली गई।

थर्ड मैन पर खड़े ऋतुराज गायकवाड ने नॉन स्ट्राइकर एंड पर थ्रो किया। शमी ने बॉल पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उनके हाथ से बॉल छूट गई। उनके पीछे सूर्यकुमार ने बॉल पकड़ी और एक हाथ से थ्रो फेंककर ग्रीन को रन आउट कर दिया। इस तरह दो बार मिस फील्ड होने के बाद भी ग्रीन रनआउट हो गए। ऑस्ट्रेलियाई पारी के आखिरी ओवर की आखिरी बॉल पर सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा और विकेटकीपर केएल राहुल ने मिलकर एडम जम्पा को रनआउट कर दिया।

## एक नजर

### वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

**बाबर आजम कप्तान, हसन अली को मौका; चोटिल नसीम शाह बाहर**



वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। पाकिस्तान का पहला मुकाबला 6 अक्टूबर को हैदराबाद के उप्पल मैदान पर नीदरलैंड से होगा। वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है।

यह है पाकिस्तान टीम- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल हक, अब्दुल्लाह शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, शाहीन शाह अफरीदी, हरिफ रऊफ मोहम्मद वसीम जूनियर, और हसन अली।

**नसीम शाह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। नसीम शाह को एशिया कप 2023 सुपर-4 में भारत के खिलाफ हुए मुकाबले के दौरान चोट लग गई थी। मैच में वो अपना ओवर भी पूरा नहीं कर सके थे, उन्होंने अपने कोटे के केवल 9.2 ओवर फेंके और बाद में बैटिंग के लिए भी नहीं आए।

## वनडे के वर्ल्ड चैंपियन को मिलेंगे 33 करोड़ रुपए

### फाइनल हारने वाली टीम को मिलेगा 16.58 करोड़ का इनाम; ICC ने अनाउंस की प्राइज मनी



**दुबई** । इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारत में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप की प्राइज मनी का शुक्रवार को ऐलान कर दिया है। इस बार के वर्ल्ड चैंपियन को करीब 33 करोड़ रुपए (4 मिलियन स डॉलर) की इनामी राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता को करीब 16.58 करोड़ रुपए (2 मिलियन स डॉलर) से मिलेंगे।

ICC इस बार करीब 83 करोड़ रुपए (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की प्राइज मनी बांटने जा रहा है। काउंसिल ने अलग-अलग राउंड के लिए अलग-अलग प्राइज मनी तय की है।

**सेमीफाइनल हारने वाली टीम को 6 करोड़**

विनर और रनर अप के अलावा, वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल हारने वाली टीम को करीब 6 करोड़ रुपए और ग्रुप स्टेज से बाहर होने वाली टीम को करीब 82 लाख रुपए मिलेंगे।

**पिछली प्राइज मनी में बदलाव नहीं**

इस बार जारी प्राइज मनी पिछले सीजन के बराबर ही है। काउंसिल ने पिछली प्राइज मनी करीब 83 करोड़ रुपए में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले सीजन की चैंपियन इंग्लैंड को भी करीब 33 करोड़ रुपए मिले थे।

**भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को**

*वनडे वर्ल्ड कप में भारत का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।*

## तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बना भारत

### ऑस्ट्रेलिया को हराकर वनडे रैंकिंग में पहले पर आया; टी-20, टेस्ट में पहले से टॉप

टीम इंडिया ने पहली बार क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में एक साथ नंबर-1 रैंक अचीव की है। भारतीय टीम ने वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। इस जीत से टीम इंडिया पाकिस्तान को पीछे छोड़कर वनडे रैंकिंग में भी नंबर-1 बन गई। टीम टेस्ट और टी-20 की टीम रैंकिंग में पहले से नंबर-1 है। भारत तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनने वाली दूसरी ही टीम बनी। भारत से पहले साउथ अफ्रीका टीम अगस्त 2012 में ग्रीम स्मिथ की कप्तानी में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनी थी। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद ढ्ढष्टष्ट की वनडे रैंकिंग में टीम इंडिया के 116 पॉइंट्स हो गए। टीम ने



पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया, जिनके 115 पॉइंट्स हैं। भारत से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया को 2 पॉइंट्स का नुकसान हुआ, टीम अब 111 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है।

भारत के खिलाफ सीरीज के आखिरी 2 वनडे जीतने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया टीम अब नंबर-1 पर नहीं आ सकेगी, लेकिन इस स्थिति में पाकिस्तान नंबर-1 बन जाएगी और भारत नंबर-2 पर आ जाएगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 24 सितंबर को इंदौर और तीसरा मुकाबला 27 सितंबर को राजकोट में खेला जाएगा। आखिरी 2 में से एक भी मुकाबला जीतने पर टीम इंडिया वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर ही रहेगी।

## क्या एशियाड में मेडल की सेंचुरी लगाएगा भारत-एथलेटिक्स, कबड्डी और क्रिकेट ने बढ़ाईं उम्मीदें; दिग्गज बोले- इस बार सौ पार

एशियन गेम्स के 19वें सीजन की शुरुआत आज से हो रही है। भारत ने 18 बार एशियाड में हिस्सा लिया, लेकिन देश कभी भी 100 मेडल के आंकड़े को छू नहीं सका। मेडल काउंट के लिहाज से भारत ने 73 साल का बेस्ट परफॉर्मेंस 2018 में किया। तब इंडोनेशिया के जकार्ता एशियाड में देश को 70 मेडल मिले थे। ओलिंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने इस बार एशियन गेम्स में 100 मेडल का टारगेट रखा है। भारत ने गेम्स में 655 एथलीट्स उतारे हैं, जिनसे इन मेडल की उम्मीद है। इस स्टोरी में हम एक्सपर्ट ओपिनियन और खिलाड़ियों के हालिया फॉर्म के आधार पर जानेंगे कि भारत मेडल की सेंचुरी लगा पाएगा या नहीं?




पीटी उषा ने मनी कंट्रोल को दिए इंटरव्यू में कहा था, मुझे उम्मीद है कि भारत एशियन गेम्स 2022 में अपनी ओवरऑल परफॉर्मेंस को 2018 के मुकाबले सुधारेगा। एथलेटिक्स में हमें वर्ल्ड लेवल पर मेडल मिलना शुरू हो गए हैं, इस बार उनसे और भी ज्यादा उम्मीदें हैं। अब तो क्रिकेट टीम भी शामिल हो रही हैं।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मीडिया की बैठक ली

## निर्वाचन में मीडिया और एमसीएमसी टीम के कार्यों की दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

**कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आदर्श आचार संहिता के बाद प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कार्यों और कवरेज की निगरानी के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा गठित टीम एमसीएमसी के कार्य के बारे में बैठक ली।**

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि आचार संहिता के पूर्व आपको एमसीएमसी के निगरानी टीम और मीडिया द्वारा आचार संहिता के दौरान किस प्रकार का कवरेज किया जाना हैए यह जानना जरूरी है। इसलिए पैड न्यूज, भ्रामक फेक न्यूज के बारे में आपको जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि फेक न्यूज में अभ्यर्थी का दुष्प्रचार, भ्रामक न्यूज, वीवीपैट मशीन के बारे में भ्रामक न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या प्रिन्ट मीडिया के करने पर एमसीएमसी की टीम संबंधित मीडिया संस्थान सोशल मीडिया के इंचार्ज को भ्रामक खबर को जारी करने और बंद करने के लिए सीधा पत्राचार या फोन कर रोकने के लिए कार्रवाई कर सकता है। सहायक सूचना अधिकारी देवराम यादव ने बताया कि पैड न्यूज, सामान्य न्यूज से अलग किसी भी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी के पक्ष में उनको यशोगान, उनके उपलब्धि आदि को लेकर मीडिया संस्थानों द्वारा किया गया प्रचार-प्रसार सामान्य रूप से पैड न्यूज के श्रेणी में आता है। इसमें प्रायोजित टीवी डिबेट पर अभ्यर्थी से चर्चा भी पैड न्यूज के दायरे में आता है। प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक, वेब पोर्टल, वेबसाईट, सोशल मीडिया, वीडियो वैन में किया गया पैड न्यूज का व्यय रिपोर्टिंग के बाद कार्रवाई में अभ्यर्थी के व्यय में जोड़ा जाएगा। एमसीएमसी के अन्य कार्यों में चुनाव के अभ्यर्थी का विज्ञापन में व्यक्तिगत आक्षेप, लांछन, राष्ट्र की गरिमा, अस्मिता, प्रभुता जातिगत, धर्म, समुदाय, पंथ का उल्लंघन और अश्लील तो नही हैए की निगरानी करना भी है। मास्टर ट्रेनर चूडामणि गोस्वामी ने आचार संहिता लागू होने के बाद कानून द्वारा स्थापित नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले के प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के पत्रकारगण शामिल थे।







## भ्रष्टाचार पर खड़ी कांग्रेस सरकार की बिदाई की बेला बहुत करीब है: कौशिक

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रेस वार्ता को किया सम्बोधित

**कोरबा** । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने परिवर्तन यात्रा के तहत कोरबा में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि मां कौशल्या और भगवान राम के ननिहाल की हालत भूपेश सरकार ने आज क्या कर दी है यह छत्तीसगढ़ की जनता को बताने की जरूरत नहीं है। कोरबा जिला जहाँ प्रदेश के अन्य जिलों में बिजली सप्लाई करता था वह आज अंधेरा पड़ा हुआ है, यहां रेत का ठेका खत्म हो चुका है इसके बाद भी बिना गारंटी के खुलेआम एनजीटी के नियमों की धज्जियाँ उड़ाकर अवैध उत्खनन हो रहा है यह सरकार के संरक्षण में बड़ी मात्रा में पेट्रोल-डीजल की चोरी हो रही है, मिट्टी तेल की चोरी हो रही है, राखड़ कोरबा के लिए सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। यह कार्य बिना संरक्षण के असंभव है। इसके साथ ही पिछले पांच सालों कोरबा में एक सड़क नहीं बना पाई यह सरकार कुसमुंडा से लेकर दर्रा तक की जो सडके बनानी थी वह आज भी अधूरी पड़ी हुई है, सरकार के पास पैसा होने के बावजूद सरकार सड़क बनाने की स्थिति में नहीं है, कोरबा जिला टापू बन गया है जिधर देखो उधर गड्ढे दिखाई दे रहे, विकास ढूंढने से विकास नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के वादाखिलाफी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन यात्रा निकाली है। भारतीय जनता पार्टी ने 2003 में भी ऐसी एक परिवर्तन यात्रा निकाल कर कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेका था। उन्होंने कहा कि 2003 में कांग्रेस की जो स्थिति थी उससे बद्तर स्थित कांग्रेस की सरकार है की अभी है। जिस तरह कोरबा से लेकर पूरे प्रदेश में कोल माफ्िया, लैंड माफ्िया, सेंड माफ्िया और जितने भी प्रकार के अनैतिक कार्य जारी है यह सभी कार्य कांग्रेस सरकार के संरक्षण में हो रहे है।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की प्रशिक्षण बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की प्रशिक्षण बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि मतदान के शुरू से मतगणना तक कोई भी कार्य निर्वाचन नियमावली के तहत करना है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य देश के सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है और यह गौरवान्वित महसूस करने वाला कार्य है। बैठक में मास्टर ट्रेनर चूडामणि गोस्वामी और एस आर अजय ने निर्वाचन की प्रारंभिक प्रक्रिया, निर्वाचन के पूर्व दिवस की तैयारी, प्रशिक्षण प्राप्त करना, सामग्री प्राप्त करना, सामग्री का मिलान करना, ईव्हीएम, बीयू, सीयू एवं व्हीव्हीपैट की सरल क्रमांक, सही स्थिति, निर्धारित मतदान केन्द्र का ही है, का मिलान करना। समस्त प्रपत्र की पूर्व तैयारी, आवश्यकतानुसार प्रारंभिक प्रविष्टि के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार मास्टर ट्रेनर जेआर बंजारे ने मतदान दिवस के बारे में बताया कि मतदान के 90 मिनट पूर्व मॉक पोल मतदान, ईव्हीएम मशीन की गुणवत्ता की परीक्षण करना, सभी खुले बटन को एकबार निश्चित रूप से परीक्षण करना ही है और कम से कम 50 वोट निश्चित रूप से दबना चाहिए। घोषणा के साथ वास्तविक मतदान के लिए मशीन की सीलिंग करेगा। वास्तविक मतदान के लिए मशीन प्रातः 7 बजे पूर्व तैयार कर मतदान दल के सभी सदस्य निर्धारित स्थल में बैठकर अपना दायित्व सम्हालते हुए कार्य संपादित करेंगे। मास्टर ट्रेनर टीपी चन्द्रा ने निविदा मत टेंडर वोट की स्थिति, रिपोर्टिंग आदि की जानकारी दी। शाम 4.55 बजे पूर्व मतदाता मतदान करने के लिए शेष होने पर टोकन वितरण कर मतदान जारी रखेंगे। अंतिम मतदाता के बाद बंद क्लोज बटन दबाया गया का, अंतिम घोषणा करेंगे। उन्होंने बताया कि लिफाफा परिनियत में 5 प्रकार की जानकारी देंगे। अपरिनियत लिफाफा में 11 प्रकार की जानकारी देंगे। तीसरा लिफ ाफ ा में अन्य समस्त बचत दस्तावेज को शामिल करना है। मास्टर ट्रेनर अजय ने बताया कि प्रपत्र खुली स्थिति में रिकार्ड किए गए मतों की लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, घोषणाएं, डाकमत पत्र के बारे में समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को विस्तृत जानकारी दी गई।

## देवरी जलाशय बाध कभी भी टूट सकता है प्रशासन सुध नहीं ले रहा

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

**जिला सक्ती क्षेत्र के अंतर्गत देवरी जलाशय बांध टूटने की कगार पर पहुंच चुका था बांध से पानी का रिसाव हो रहा था।**

आसपास के ग्रामीणों में दहशत रात भर जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल सरपंच ग्रामीणों ने बांध पर नजर बनाए रखें थे जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर सहित नहर विभाग के अधिकारियों को सूचना दी सुबह से ही मौके पर एसडीओ बनवारी लाल मौके पर पहुंचकर रेत की बोरियों से रिसाव को बंद कराया वहीं बांध से पानी को जेसीबी के माध्यम से पानी निकासी के लिए रास्ता बनाया गया जहां से लगातार बड़ी मात्रा में पानी बांध से निकलना चालू हो गया और 5 इंच पानी बांध से कम हो गया है तब कहीं जाकर गांव वालों ने राहत की सांस ली अगर समय रहते बांध पर ध्यान नहीं दिया जाता तो 10 से 12 गांव हो जलमग्न हो जाते और कई सौ एकड़ धान की फसलें बर्बाद हो जाती देवी पाली जलाशय में 5.30 मी आईपीएल तक पानी भरने की क्षमता है और वर्तमान में 6 मीटर के आसपास पानी भर गया था जिसे वह हर फ्लोर की जगह से जेसीबी के माध्यम से नाली बनाकर पानी को बाहर किया जा रहा है और अब पानी की क्षमता बराबर हो चुकी है और रिसाव होना भी बंद हो गया है अब इस बांध पर विभाग द्वारा पूरी नजर बनाए रखें एरिकेशन एसडीओ बनवारी लाल कश्यप ने बताया कि शासन के पास भेजा जा चुका है परंतु किसी भी प्रकार से राशि प्राप्त नहीं हुई है राशि प्राप्त होते ही रिसाव की जगह पर मरम्मत कराई जाएगी।



## संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर आरपी आदित्य ने ली सारंगढ़ जिले में समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर आरपी आदित्य ने नवनिर्मित जिला मुख्यालय सारंगढ़ में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। सेजस सारंगढ़ में हुई समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जेडी आरपी आदित्य ने कहा किए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें बच्चों का बहुमुखी विकास करना सुनिश्चित करना हम सबका महती दायित्व है। उन्होंने कहा कि, सभी संस्था प्रमुख अपने अपने विद्यालयों अंतर्गत विभिन्न विभागों के प्रभारी बनाएं। विद्यालय के स्तर अनुसार प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों को आवश्यक जवाबदारी सौंपे। शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जेडी आदित्य ने कहा कि, सभी विषय शिक्षक अपने विषयों के साप्ताहिक पाठ्यक्रम को शाला पाठ्यक्रम योजना अनुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें, तथा प्रत्येक विषय शिक्षक अपने विद्यार्थियों की नोटबुक का 10 प्रतिशत आवश्यक रूप से चेक करना सुनिश्चित करें। सभी विद्यालय अपने विद्यालयीन अनुशासन पर विशेष रूप से ध्यान दें। सभी शिक्षक नियमित रूप से अपनी दैनंदिनी अद्यतन करें। कक्षा 9 वी से 12वीं तक कराए जाने वाले प्रैक्टिकल कार्य अनिवार्य रूप से समय सारणी अनुसार कराए जाएं। विद्यालय में वितरित की जाने वाली पुस्तकें तथा गणवेश का समायोजन करे। विभाग द्वारा मांगी जा रही जानकारी को समय पर प्राथमिकता में उच्च कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बिना कारण बताए बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित रह रहे कर्मचारियों की सूची बनाकर आवश्यक कार्यवाही के लिए उच्च कार्यालय को लिखें। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट से टॉपर बच्चों का पेपर निकाल कर हर विद्यालय में रखें और बच्चों को उनके अध्ययन के लिए दें ताकि वे उनसे प्रेरित होकर अच्छे उत्तर लिखना सीख सकें। विद्यालय, शिक्षकों अथवा छात्र-छात्राओं द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय व उत्तम कार्यों को विद्यालय के डिस्प्ले बोर्ड में दिखाएं। विद्यालय संबंधी समस्त जानकारी अद्यतन रखें। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, बीईओ, एबीईओ को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा किए वे जब भी स्कूल निरीक्षण करने जाएं निरीक्षण टिप अवश्य लिखें। उक्त समीक्षा बैठक में बीईओ बीआरसी, सेजस प्राचार्य सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## कोरबा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी की समय से बहुत पहले घोषणा, कांग्रेस को समीकरण बैठाने का मिला मौका

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

**छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आचार संहिता लगने के एक माह पहले 17 अगस्त को 21 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी जिसमें कोरबा विधानसभा से लखन लाल देवांगन को प्रत्याशी घोषित करते हुए मैदान में उतारा है।**



प्रत्याशी की घोषणा को एक माह से ज्यादा का समय बीत चुका है और आचार संहिता अभी तक नहीं लगी है जिसके कारण कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को समीकरण बैठाने का भरपूर मौका मिला हालांकि अभी कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। बता दें कोरबा विधानसभा से भाजपा ने लखन लाल देवांगन को उम्मीदवार घोषित किया है प्रत्याशी की घोषणा को एक माह से ज्यादा का समय हो चुका है इस दौरान अभी तक आचार संहिता नहीं लगी है जिसका फायदा उठा रहे कोरबा विधानसभा से कांग्रेस के भावी प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल, हालांकि अभी कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है लेकिन कोरबा विधानसभा सीट से कांग्रेस का टिकट लगभग तय माना जा रहा है यहां से जयसिंह अग्रवाल को पार्टी पुनः मौका देगी, जयसिंह अग्रवाल पिछले 15 वर्षों से कोरबा विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़कर जीत हासिल करते हुए आए हैं, वह वर्तमान में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक व छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजस्व मंत्री हैं, जिन्हें चुनावी समीकरण बैठने में महारत हासिल है यही कारण है कि भाजपा द्वारा कोरबा विधानसभा के प्रत्याशी की घोषणा करने के पश्चात से ही विधायक जयसिंह अग्रवाल जो प्रदेश के राजस्व मंत्री हैं, जो एक तेज तर्राट और दबंग नेता के रूप में जाने जाते हैं उन्होंने अपने पद और मौके का भरपूर लाभ उठाते हुए सामाजिक संगठनों को लगातार साधने की कोशिश कर रहे हैं और सामाजिक संगठनों में लगातार अपने फंड से घोषणाओं की झड़ी लगाये हुए हैं, जिससे सामाजिक लोग भी खुश नजर आ रहे हैं, इनके द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए लोगों की मांग पर घोषणा की जा रही है कल ही सतनाम भवन में एक करोड़ का भवन और आदिवासी शक्तिपीठ में 50 लाख के डोम की घोषणा की थी और आज मौवार समाज को सामुदायिक भवन की सौगात दी है, इसके पहले राठौर समाज कुम्हार समाज आदि समाजों में घोषणा की जा चुकी है, जिससे समाज के लोगों का समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है,

वहीं भाजपा के कोरबा विधानसभा के प्रत्याशी लखन लाल देवांगन जो पूर्व में कोरबा नगर पालिका निगम के महापौर रह चुके हैं और संसदीय सचिव भी भाजपा शासन काल में रह चुके हैं भाजपा द्वारा इनको प्रत्याशी बनाए जाने के बाद इनके द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है और लोगों से मिलते हुए वहां की समस्याओं की जानकारी लेते हुए अपने पक्ष कमल छाप में वोट देने की अपील की जा रही है और लोगों को भरोसा दिलाया जा रहा है कि अगर भाजपा की सरकार प्रदेश में बनती है तो आप लोगों की सभी समस्याओं का हल करने की कोशिश की जाएगी। हालांकि छत्तीसगढ़ में पूरे 90 विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है जिसमें कोरबा विधानसभा सीट से विशाल केलकर को आम आदमी पार्टी ने मैदान में उतारा है जिससे कांग्रेस और भाजपा दोनों के समीकरण बिगड़ते नजर आ रहे हैं, भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन की छवि लोकल छत्तीसगढ़िया की बनी हुई है और वह जन बल और धन-बल की लड़ाई को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं वहीं भाजपा प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकल रही है जिससे यह मुकाबला कोरबा विधानसभा सीट में लोगों में उत्सुकता भरा हो सकता है, हालांकि कांग्रेस से उम्मीदवार घोषित होने के बाद ही आगे की स्थिति और साफ होगी ।

## एक नजर

### पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 26 सितंबर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने पशुधन विकास विभाग अंतर्गत पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के लिए 26 सितंबर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इसके लिए योग्यता मान्यता प्राप्त संस्थान से पशु चिकित्सा विज्ञान में स्नातक तथा छत्तीसगढ़ राज्य पशु चिकित्सा परिषद के अधीन पद के विज्ञापन के तारीख के पूर्व पंजीकृत होना चाहिए।

### निर्वाचन संबंधित कार्यों में वीडियोग्राफी किए जाने हेतु स्थानीय पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थाओं/फर्मों के लिए निविदा आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए जिले में प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केन्द्र, मतदान केन्द्र, मतगणना, क्रिटिकल घटनाओं की वीडियोग्राफी एवं अन्य निर्वाचन संबंधित कार्यों में वीडियोग्राफी किए जाने हेतु स्थानीय पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थाओं फर्मों से प्रति कैमरा प्रतिदिन की दर पर जिले के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक वर्ष के लिए रेट कांट्रेक्ट हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फ ार्म राशि रूपये 500.00 रूपये पांच सौ मात्र जो कि नानरिफंडेबल एवं एक बार देय होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा में जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा। प्रतिभूति के. रूप में 50000,00 रूपये राशि पचास हजार रूपये बैंक ड्राफ्ट जिला निर्वाचन अधिकारी बेमेतरा के नाम से निविदाकार को परफार्मेंश सिक्यूरिटी डिपाजिट राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट जमा किया जाना होगा। निविदा प्रपत्र पूर्ण रूप से भरे जाकर बंद लिफाफा में निर्धारित अंतिम दिवस 06 अक्टूबर 2023 समय शाम 3.00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। निविदा 06 अक्टूबर 2023 को समय 4.00 बजे खोली जायेगी। निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं निर्देश जिले के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### एनटीपीसी कोरबा के नैगम समाजिक दैत्व्य के तहत ग्राम धनरास में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**कोरबा** । एनटीपीसी कोरबा द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना प्रभावित ग्राम धनरास में तीन दिवसीय महिलाओं के लिए प्रोजेक्ट पवित्र का कार्यक्रम चलाया गया। सीएसआर एनटीपीसी कोरबा और व्यक्तित्व विकास केन्द्र कोरबा आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रोजेक्ट पवित्र के समापन समारोह दिनांक 20/09/23 को संपन्न हुआ, जिसमें श्री मति मधुमति राव मैडम, अध्यक्षा, मैत्री महिला समिति एनटीपीसी कोरबा की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं जिसके निदान वा राहत के उपाय पवित्र प्रोजेक्ट शिविर में बताये गयेद्य साथ ही महिलाओं को योग आसन मुद्रा, भस्त्रिका, मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। शिविर में लगभग 70 युवतियां व महिलाएं लाभान्वित हुए। शिविर में सम्मिलित सभी युवतियों एवं महिलाओं ने बारी-बारी से शिविर के संबंध में अनुभव साझा करते हुए एनटीपीसी द्वारा किये जा रहे ऐसे जन उपयोगी शिविर के लिए अपनी खुशी जाहिर किये। अध्यक्षा मैत्री महिला समिति श्रीमति मधुमति राव ने अपने उदबोधन में पवित्र प्रोजेक्ट शिविर की महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी महिलाओं को शिविर में सिखाये गये नियमों का नियमित पालन करने हेतु प्रेरित करते किए एवं सभी की उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अपने सामाजिक कल्याण शाखा मैत्री बंधन के तहत मैत्री महिला समिति द्वारा शिविर में उपस्थित सभी महिलाओं को मेडिकल किट प्रदान किया गया। शिविर में मैत्री महिला समिति के अन्य पदाधिकारी, सीएसआर के प्रतिनिधि, व्यक्तित्व विकास केन्द्र के प्रशिक्षक एवं गाँव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी सत्र में नैगम सामाजिक दायित्व के तहत दिनांक 21/09/23 को प्रातः 06ः30 बजे एनटीपीसी कोरबा सीएसआर द्वारा परियोजना प्रभावित गाँव धनरास में मैराथन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गाँव के लगभग 150 युवक युवतियां, महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए। यह आयोजन एनटीपीसी कोरबा सी एस आर एवं व्यक्तित्व विकास केन्द्र आर्ट आफलिविंग के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श ग्राम की संकल्पित योजना के अन्तर्गत किया गया। मैराथन में जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा की ओर से श्री छत्रपाल कंवर की गरिमामयी उपस्थिति के साथ ही सी एस आर के अधिकारीगण एवं गांव के गणमान्य लोगों की सहभागिता रही।

# भारी जनसैलाब के बीच भाजपा का परिवर्तन यात्रा मैनपुर पहुंचा

## क्षेत्रीय विधायक सहित भाजपा के कई नेता हुये शामिल

जोहार छत्तीसगढ़–गरियाबंद।





इन दिनों सत्ता परिवर्तन को लेकर छग भाजपा की परिवर्तन यात्रा सभी विधानसभा पहुंच रही है। 12 सितम्बर को बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा से यात्रा को प्रारम्भ किया गया। इस यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णकांत गुर्जर,भानुप्रताप वर्मा अर्णपूर्णा देवी सांसद चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद चंदुलाल साहू सहित विधायक शिवरतन शर्मा शामिल थे। जो कि धमतरी होते हुये 23 सितम्बर को नगरी से मैनपुर पहुंची। हसी बीच भाजपा के इस परिवर्तन यात्रा में लोगों का भारी जन सैलाब दिखा वही इस यात्रा में विन्द्रानवागढ के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुये। क्षेत्रीय विधायक डमरूधर पुजारी ने इसकी तैयारी को लेकर कई बार क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक ली थी वही स्वयं भी यात्रा की आगुवानी के लिये कल तैयारी का जायजा लिया था।

***जिला और विस के ये दिग्गज परिवर्तन सभा में हुये शामिल***

मैनपुर पहुंचने के पहले परिवर्तन यात्रा का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने झरियाबहारा में भव्य स्वात किया वही गरियाबंद जिला के देवभोग गोहरापदर मैनपुर सहित छुरा मण्डल के सैकड़ों कार्यकर्ता परिवर्तन सभा में शामिल हुये जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष राजेश साहू विधायक पुजारी,पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी भागीरथी मांझी, कुंजबिहारी बेहेरा,सहित योगेश शर्मा,नरोत्तम साहू लुद्रास साहू,दुलार सिन्हा, मनोहर बघेल, दिलीप साहू,महेन्द्र सोनी, घनश्याम मरकाम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा ने कहा विन्द्रानवागढ़ के साथ सत्ता में लौटेंगे वही कांग्रेस का कहना फिर से कांग्रेस की सरकार

*परिवर्तन यात्रा और उसके सभा में भाजपा के नेता कांग्रेस सरकार को आडे लेते हुये कहा विन्द्रा नवागढ बरकरार रहेगा और छग में भाजपा फिर से सत्ता पर आयेगी। वही कांग्रेस के जनक ध्रूव लोकेन्द्र कोमर्रा धनसिंग मरकाम,संजय नेताम ने एक संयुक्त बयान ने कहा भाजपा के परिवर्तन थँ कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया।*

## एक नजर

### क्रांति सेना के जिला चुनाव प्रभारी जैनेंद्र का जिले भर में ताबड़तोड़ दौरा

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।




जैसे–जैसे चुनाव नजदीक नजदीक आते जा रहा है वैसे.वैसे राजनीतिक दलों के साथ साथ छत्तीसगढ़िया समाज के लिए चिंतन करने वाला संगठन भी सक्रिय होने लगा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़िया अस्मिता के लिए जूझ रहे संगठन क्रांति सेना भी गांव–गांव में दौरा कर रही है। संगठन द्वारा प्रदेश के 21 जिले के 68 विधानसभा में चुनाव प्रभारी भेजा गया गया है। बिलासपुर जिले में भी जिला प्रभारी जैनेंद्र कुर्रे का ताबड़तोड़ दौरा चल रहा है। उनका मस्तूरी, तखतपुर, बिल्हा, कोटा विधानसभा के बाद आज बेलतरा विधानसभा में आगमन हुआ और शहर के उसलापुर स्थित गीता पैलेस में संगठन के पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में समीक्षा बैठक हुआ। इस दौरान संगठन के जिला संयोजक ठाकुर शैलु छत्तीसगढिया जिला अध्यक्ष कृष्णा कौशिक, निल खांडे, संजय, राजकुमार, कृतज्ञ, परस बलराम सुनील कश्यप सुमंत एवं दर्जनों पदाधिकारी सेनानी उपस्थिति थे।

### महिला आरक्षण बिल देश के विकास में एक नई गाथा लिखेगा - सुभाष राठौर

जोहार छत्तीसगढ़ –कोरबा।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुभाष कुमार राठौर ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास सफल रहे हैं।



बीते 7 दशक में कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों ने महिलाओं को वोट बैंक के लिए प्रयोग किया मोदी सरकार ने देश की आजादी के बाद पहली बार महिलाओं के लिए न केवल शौचालय का निर्माण किया, बल्कि माता बहनों को गैस सिलेंडर देकर इनके जीवन को सरल करने की एक दिशा में एक अच्छा काम किया। कांग्रेस पार्टी इस महिला आरक्षण बिल पर दावे कर रही है, सच तो यह है कि शाह बानो केस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पीठ दिखने वाली कांग्रेसी महिलाओं के प्रति कितने संवेदनशील है।

संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण कोई विकल्प नहीं है। मोदी सरकार ने समाज के हर वर्ग विशेष कर ओबीसी एससी एसटी वर्ग के महिलाओं के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी। कुछ दिन पहले ही मोदी जी ने विश्वकर्मा श्रम योजना के अंतर्गत 3 लाख की राशि का कर्ज देने की घोषणा समाज के कमजोर वर्ग महिलाओं के उत्थान की दिशा में बड़ा कदम है।

### आकांक्षी ब्लॉक फेलो पद पर भर्ती के लिए 27 तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा** । जिले के कोरबा एवं पोड़ी–उपरोड़ा विकासखंड में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेश और बुनियादी जैसे कार्यों को बढ़ावा देने और योजना का सुचारू रूप से संचालन हेतु आकांक्षी ब्लॉक फेलो के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 27 सितम्बर तक निर्धारित प्रारूप में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय कक्ष क्रमांक 29 में रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से अधिक व शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर (किसी भी विषय में) वांछनीय है। अंग्रेजी व हिन्दी भाषा का ज्ञान (लिखना–बोलना) आवश्यक है। साथ ही अभ्यर्थी को संबंधित विकासखण्ड के स्थानीय भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है। आवेदक को डाटा विश्लेषण एवं प्रस्तुती कौशल के साथ सोशल मीडिया के उपयोग से परिचित होना आवश्यक है।

# कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित सरगांव क्षेत्र का किया भ्रमण

## बाढ़ प्रभावितों से चर्चा कर मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी, खाद्य सामग्री का किया वितरण

जोहार छत्तीसगढ़–मुंगेली।



कलेक्टर राहुल देव ने आज पथरिया विकासखण्ड के मनियारी नदी के तट पर स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्राम सल्फा, खपरी, सांवा, चुनचुनिया तथा भकुरीडीह का भ्रमण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया तथा नगर पंचायत सरगांव के रविदास महाविद्यालय में राहत शिविर में ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्याओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने शिविर में आवास, भोजन आदि की समुचित व्यवस्था, नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने, पात्रता अनुसार शासकीय योजनाओं का लाभ देने तथा क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा एवं सहायता उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा राहत सामग्री प्रदान भी किया और बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर लोरमी एसडीएम बीआर ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में राहत व बचाव हेतु हेल्प लाईन नंबर जारी

जिले में बाढ़ एवं आपदा जैसी स्थिति निर्मित होने तात्कालिक राहत उपाय करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 7489583575 जारी किया गया है। इस नम्बर पर बाढ़ एवं आपदा में फंसे होने की स्थिति में 24 घंटे तत्काल सहायता के लिए काल कर सकते हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 116 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

# आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सा कार्यालय में किया गया कार्यशाला का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की पांचवी वर्षगांठ व आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कलेक्टर एल्मा के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय बेमेतरा में आज कार्यशाला का आयोजन आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर किया गया कार्यशाला में हितग्राहियों और आमजन को योजना की विस्तृत जानकारी के साथ मोबाईल एप्प से हितग्राही स्वत: ही कार्ड कैसे बना सकते हैं उसका विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया व आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 50 हजार से 5 लाख तक पंजीकृत चिकित्सालयों में नि:शुल्क उपचार सुविधा प्रदान किया जाता हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत गंभीर बिमारियों हेतु 25 लाख तक नि:शुल्क ईलाज प्रदान किया जाता है। हितग्राहियों के पास आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को अस्पतालों, बीमा फर्मों और नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंचने में मदद करने हेतु डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करना है। इस अवसर पर डॉ जी एल टंडन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसआर चुरेन्द्र सिविल सर्जन, लता बंजारे जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनोज कुमार साहू जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ स्वाति यदु अस्पताल सलाहकार, जिला चिकित्सालय से समस्त विशेषज्ञ व चिकित्सक, कर्मचारीगण व मितानीन प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# नांदघाट पुलिस टीम की कार्यवाही, आवेश में योजना बनाकर हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

प्रार्थी करण ध्रुव पिता सुखदेव ध्रुव साकिन मल्दा थाना नांदघाट ने रिर्पोट दर्ज कराया कि 20 सितंबर 2023 के करीब 9.30 बजे रात्रि में मृतक गवेन्द्र यादव को आरोपीगण अपने साथ अपने घर लेकर गये थे उसके बाद सुबह मृतक की लाश संदिग्ध अवस्था में मिला, जिस पर मर्ग सदर धारा 174 जाफौ का मर्ग कायम कर जांच पर लिया गयाए मर्ग जांच पर पाया गया कि आरोपीगण द्वारा एक राय होकर मृतक को फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने व एवं साक्ष्य छुपाने के लिये अपने बाड़ी किनारे फेंक देने से अपराध क्रमांक 250/2023, धारा 302, 201, 120बी, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता द्वारा आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशन पर अति.




पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की एवं डीएसपी कौशिल्या साहू, द्वारा थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंदए सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा एवं थाना स्टाफ को आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने विवेचना में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी रामदयाल साहू एवं नोहर साहू को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर पता चला कि मृतक गवेन्द्र यादव आरोपीगण के परिजनों को परेशान करते थे जिसकी जानकारी होने पर आवेश में आकर योजना बनाकर दिनांक घटना समय को मृतक को अपने घर, कोठा में ले जाकर नांगर जोता के नायालोन रस्सी को मृतक गवेन्द्र यादव के गले में डालकर फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने एवं साक्ष्य छुपाने के लिये लाश को अपने बाड़ी किनारे फेंक देना स्वीकार किया।

आरोपीगण रामदयाल साहू उम्र 50 साल साकिन मल्दा थाना नांदघाट, नोहर साहू उम्र 23 साकिन मल्दा थाना नांदघाट को विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक आनंद कुर्रे, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, आरक्षक प्रताप यादव, रूपेन्द्र वर्मा, सुरेश साहू, नुरेश वर्मा, इंद्रजीत पांडेय एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# स्वास्थ्य केंद्रों में राष्ट्रीय गुणवत्ता सुनिश्चित हेतु कार्यशाला हुई संपन्न



जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा जिले के स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधाओं में गुणवत्ता वृद्धि के निर्देश दिये जाते रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एन क्यू ए एस की तैयारी हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण महासमुंद के विशेषज्ञ आरएमएनसीएच सलाहकार संदीप चंद्राकर ने दिया। इस बारे में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम पी महिस्वर ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्त आश्वासन मानक के तहत स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाओं में सुदृढ़ीकरण हेतु एनक्यू एस किया जाता है।

इसमें सफल होने पर संस्था को पुरस्कार सहित तीन वर्षों के लिए राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता प्रमाण पत्र दिया जाता है। अभी तक जिले में जिला अस्पताल सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी,बरपाली एवं वेलनेस केंद्र ससहा को यह प्रमाण पत्र दिया गया है। इस बार जिले के 90 स्वास्थ्य केंद्रों को इसमें प्रतिस्पर्धा हेतु तैयार किया जा रहा है। इसमे मूल्यांकन तीन स्तरों पर होता है। पहला जिला स्तर, दूसरा राज्य और तीसरा राष्ट्रीय स्तर पर जिसमें प्रदेश से बाहर की मूल्यांकन टीम आ कर निरीक्षण करती है। 75 प्रतिशत से अधिक के स्कोर में ही स्वास्थ्य संस्था को इसका प्रमाण पत्र मिलता है। मूल्यांकन में आठ मुख्य बिंदु होते हैं. सुविधा उपलब्धता,मरीज के अधिकार, इनपुट,सपोर्ट सर्विस,क्लीनिकल सर्विस,संक्रमण रोक,गुणवत्ता प्रबंधन। इस कार्यशाला में चिकित्सा अधिकार,ग्रामीण चिकित्सा सहायक,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,विभिन्न जिला सलाहकार सहित जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी एवं जिला आरएमएनसीएच सलाहकार हर्षलता जायसवाल उपस्थित रहे।

# सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 12 वीं के छात्रों के लिए जेईई व नीट की नि:शुल्क कोचिंग, पात्र छात्र उठा सकते हैं लाभ

## कोचिंग केंद्र व नोडल अधिकारी किए नामांकित

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



स्वामी आत्मानंद स्कूलों की सफलता को देखते हुए और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप अब आगामी 25 सितंबर से स्वामी आत्मानंद कोचिंग की भी शुरुआत हो जाएगी। जिसमें विषय विशेषज्ञ प्री मेडिकल और प्री–इंजीनियरिंग की ऑनलाइन कोचिंग देंगे। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 12वीं के अध्ययनरत छात्रों को छत्तीसगढ़ सरकार जेईई, नीट के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इस कोचिंग में 60: या उस से अधिक के साथ दसवीं उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा साथ ही अभ्यर्थी को शासकीय विद्यालयों में 12वीं का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए जीव विज्ञान तथा गणित संकाय के विद्यार्थी ही इसके लिए पात्र माने जाएंगे । ज़िले के हर विकासखंड से 50–50 छात्र की संख्या भी निर्धारित की गई है और उससे अधिक संख्या में आवेदन आने पर मेरिट क्रम के हिसाब से छात्रों को मौका मिलेगा इसमें छात्रों को विषय विशेषज्ञों की ओर से गाइडेंस दी जाएगी। साथ ही छात्रों की पूरी तरह से तैयारी कराई जाएगी । कि वे जेईई और नीट की परीक्षा निकाल सकें और अच्छे कॉलेजों में दाखिला ले सकें। इसी को लेकर कलेक्टर पीएसएल्मा ने आज यहां जिला शिक्षा कार्यालय में स्वामी आत्मानंद कोचिंग की शुरुआत के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित स्टाफ , चयनित कोचिंग सेंटर शालाओं के प्रचार्य, बीएमओ, बीआरसी एवं गणित,जीव विज्ञान, भौतिक रसायन विषय के विशेषज्ञ व्याख्याताओं की बैठक ली। उन्होंने सभी जरूरी व्यवस्था के निर्देश दिए।

कलेक्टर पीएसएल्मा ने कहा कि राज्य सरकार आगामी 25 सितंबर से इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वामी आत्मानंद कोचिंग का शुभारंभ होगा। बैठक में इसे लेकर विचारण्विमर्श हुआ। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड मुख्यालयों में बीआरसीसी सेंटर या नजदीकी हायर सेकेंडरी स्कूलों में क्लासेस संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि कोचिंग की तैयारी के लिए सरकार की ओर से जिला अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। कलेक्टर एल्मा ने विकासखण्डवार कोचिंग केन्द्रों का चयन एवं नोडल अधिकारियों का नामांकित किया। जिसमें विकासखंड बेमेतरा में यह योजना शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में संचालित होगा। इस केन्द्र की नोडल अधिकारी प्राचार्य कविता बाजपेयी होंगी। विकासखंड बेरला में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला केन्द्र होगा, जिसके नोडल अधिकारी प्राचार्य एसण्पीण्कोशले होंगे। वही विकासखंड नवागढ़ में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कोचिंग संचालित होगा जिसके नोडल अधिकारी सिलोचन साहू व्याख्याता होंगे इसी प्रकार विकासखंड साजा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा में इस योजना का संचालन किया जाएगा। इस केन्द्र के नोडल अधिकारी मनीष वर्मा व्याख्याता सह प्राचार्य सेजेस साजा होंगे। जिले में वर्तमान में स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का संचालन आफ लाईन किया जाएगा। जिसके लिए शाम 04.30 से 06.30 का समय निर्धारित किया गया है। हर केन्द्रों में 50 विद्यार्थी नीट की तैयारी के लिए तथा 50 विद्यार्थी प्री.इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी के लिए चयनित किए जायेंगे। बैठक में कलेक्टर ने इस योजना को निर्धारित तिथि आगामी 25 सितंबर से प्रारंभ करने के लिए बैठक व्यवस्था, विद्यार्थियों का चयनए विषय विशेषज्ञों का चयन एवं समय सारणी के निर्धारण का दायित्व नोडल अधिकारियों को सौंपा गया है। कोचिंग के लिए चयनित सभी शालाएं आईसीटी लैब एवं इंटरनेट सुविधायुक्त है। कोचिंग के दरम्यान इन डिजिटल सेवाओं को भी उपयोग में लाया जाएगा। कोंचिंग केन्द्रों में प्रबंधकीय व्यवस्था की देखरेख के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा में पदस्थ सुनील तिवारी,सहायक सांख्यिकीय अधिकारी को एवं तकनीकी सहायता के लिए खिरामन वर्मा, एमआईएस प्रशासक को नियुक्त किया गया है।

# धरमजयगढ़ क्षेत्र में लाखों रूपये की लूट की घटना सच या फिर अफसाना!

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**बीते दिनों रायगढ़ जिले में एक ही दिन में लूटपाट की दो बड़ी वारदात सामने आई। जिसमें सुबह-सुबह रायगढ़ स्थित एक्सिस बैंक में 5 करोड़ से ज्यादा रकम की लूट हुई थी। वहीं रात होते होते धरमजयगढ़ में लाखों रूपये लूट की खबर आ गई।**



पुलिस विभाग रायगढ़ वाले पहले मामले को ही सुलझाने में कड़ी मेहनत कर रही थी। धरमजयगढ़ घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के हांथ पांव फूल गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर खोजबीन शुरू कर दी। इस घटना के बारे में बताया गया कि पत्थलगांव के दवा व्यवसायी के कर्मचारी बाकारूमा, लैलूंगा, घरघोड़ा, छाल, धरमजयगढ़ के दवाई दुकानों से रूपये वसूली कर पत्थलगांव वापस लौट रहे थे। तभी धरमजयगढ़ से 4 किलोमीटर की दूरी पर इनके बुलेरो के सामने स्कार्पियो चालक ने गाड़ी को अड़ा दिए। जिसके बाद बंदूक दिखाकर इनसे लाखों रूपये लूट लिए। इस दौरान झुमाझटकी में बंदूक से फायरिंग भी हुई। बाद में पुलिस ने गन फायरिंग की बात को खारिज किया। जिसके बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए लूटपाट करने वालों की पतासाजी में जुट गई। लूट की यह खबर कई प्रतिष्ठित व मुख्य धारा की मीडिया समूह में प्रकाशित भी हुई।

### इस गंभीर मामले में अभी तक नहीं हुई एफआईआर

छोटी-छोटी चोरी की वारदात को लेकर थाने में एफ आईआर दर्ज होती है। लेकिन लाखों रूपये लूट पर अभी तक एफ आईआर क्यों नहीं हुआ। सूत्रों से पता चला है कि दवा व्यवसायी ने एफ आईआर करने कोई आवेदन ही नहीं दिया है। तो पुलिस किस आधार पर शिकायत दर्ज करेगी। लेकिन यदि घटना हुआ ही नहीं तो इतनी बड़ी अफ वाह क्यों फैलाई गई। यदि घटना हुई तो शिकायत दर्ज क्यों नहीं कराई गई। ये सबसे बड़ा सवाल है जो क्षेत्रवासी जानना चहते हैं।

### क्या कहते हैं गोयल मेडिकल के संचालक

इस मामले में जब गोयल मेडिकल पत्थलगांव के संचालक से फोन पर जानकारी चाही गई तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार करते हुए पुलिस से जानकारी लेने की बात कही।

### क्या कहते हैं धरमजयगढ़ थाना प्रभारी

इस मामले में जब थाना प्रभारी धरमजयगढ़ प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि जांच चल रही है जब भी कोई निष्कर्ष निकलेगा तो उसे साझा किया जाएगा।

*इतने बड़े मामले में पुलिस बिना शिकायत दर्ज किए जांच कर रही है। वहीं पीड़ित मेडिकल संचालक बिना शिकायत दर्ज कराए चैन की नींद सो रहा है। मामला समझ से परे हो गया है, कि आखिर लूट हुई है या फिर कुछ और है।*

## एक नजर

### छाया कलेक्टर श्रीकृति दीवान के निधन पर ओपी ने शोक जताया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



27 साल अल्पायु में रायपुर निवासी श्रीकृति दीवान की निधन पर शोक जताते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा बतौर रायपुर कलेक्टर पदस्थापना के दौरान ही सरकार द्वारा संचालित एक कार्यक्रम के तहत प्रदीप दीवान की पुत्री श्रीकृति दीवान को 12 जनवरी 2018 को एक दिन के लिए रायपुर जिला का छाया कलेक्टर बनाया गया था। उनकी मृत्यु का समाचार मेरे लिए दुखद है। ओपी ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देंने एवं शोकाकुल परिवार जनों को संबल प्रदान करने की कामना की है।

### बालको के चोटिया मेगा हेल्थ कैंप से जरूरतमंद नागरिक लाभान्वित

**कोरबा** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चोटिया खादान के परला पंचायत भवन में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया। समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शिविर से लगभग 180 नागरिक लाभान्वित हुए।

शिविर में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य समन्वयकों, सहायक कर्मचारियों और नर्सों की एक समर्पित टीम ने समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार एवं जरूरतमंदों को दवाएं मुफ्त में प्रदान की। सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चोटिया के साथ.साथ परला एवं लालपुर पंचायत के 7 गाँवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है। हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समुदायों को बढ़ावा देने में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के महत्व को प्राथमिकता देते हैं। सभी के एकजुट प्रयासों से चोटिया में मेगा हेल्थ कैंप से सकारात्मक परिवर्तन संभव है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है।

परला के सरपंच श्री जवाहर लाल मरपच्ची ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि बालको के इस पहल ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हमारे दरवाजे तक पहुंचा दिया है जिससे सभी को लाभ हुआ है। शिविर से स्वास्थ्य सेवा के बारे में लोगों के बीच जानकारी और जागरूकता का संचार हुआ। हम परला में शिविर आयोजित करने के लिए बालको और जिला स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। और आशा करते हैं कि भविष्य में इस तरह की पहल जारी रहेगी।

## बोलेरो वाहन से सेंट्रिंग प्लेट चुराने आए 4 आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों से बोलेरो वाहन समेत 3,34,000 की सम्पति जप्त

जोहार छत्तीसगढ़ -लैलूंगा।



**लैलूंगा पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**

21 सितंबर को थाना लैलूंगा में पुल निर्माण कार्य में लगी कंपनी के सुपरवाइजर राजेश चौहान रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेसर्स मनोज केडिया सारंगढ़ के ठेकेदार द्वारा लैलूंगा क्षेत्र में ष्टत्नक्रछ्व के तहत कई स्थानों पर रोड एवं पुल निर्माण का काम कराया जा रहा है । ग्राम नारायणपुर पिपराही लमडांड मार्ग में पुल निर्माण का काम चल रहा है । 20 सितंबर 2023 के रात्रि ग्रामीणों से पता चला कि निर्माणाधीन पुल के पास एक बुलेरो खड़ी कर कुछ लोग पुल में लगे सेंट्रिंग प्लेट को निकाल कर बुलेरो वाहन में लोड कर रहे हैं । तब कंपनी के स्टाफ और ग्रामवासी निर्माणाधीन पुल के पास जाकर देखे चार लोग थे, जो इन्हें देखकर चारों सोल्ड बुलेरो वाहन और चोरी के सेंट्रिंग प्लेट को छोडकर जंगल की ओर भाग भाग गए । घटना के संबंध में लैलूंगा पुलिस अज्ञात आरोपियों पर चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया । आरोपियों द्वारा मौके पर छोड़कर भागे बोलेरो वाहन एवं लगाए मुखबिरों से सूचनाएं लेकर तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा ने संदेही वीरेंद्र रावत निवासी कर्राहन को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसने अपने साथी अक्षय जाटवार, सनोज कुमार, अमेरिकन सिंह के साथ योजना बनाकर अक्षय जाटवार के बोलेरो वाहन से कर्राहन चुहारा निर्माणाधीन पुलिया सेटिंग प्लेट, लोहा चोरी करने जाना और घटना के 15 दिन इसी निर्माणाधीन स्थान के पास से एक पानी पंप, बैटरी चोरी कर ले जाना बताया । आरोपी वीरेंद्र रावत से मिली जानकारी पर लैलूंगा पुलिस टीम ने अन्य आरोपी अक्षय जाटवार, सनोज कुमार, अमेरिकन सिंह को हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से एक पानी पंप कीमत 20,000, एक बैटरी कीमत 8,000, सेंट्रिंग प्लेट 6 नग कीमत 6000 और घटना में प्रयुक्त बिना नंबर बोलेरो वाहन कीमत 300000 कुल कीमत 3,34,000 की सम्पत्ति आरोपियों से जप्त कर आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर जेएमएफसी न्यायालय घरघोड़ा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । आरोपियों की पतासाजी और गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है ।

## राष्ट्रीय राजमार्ग 49 के अगल-बगल में बेजा कब्जा से पानी निकासी में हो रही दिक्कत

जोहार छत्तीसगढ़ -खरसिया।



गुरुवार संध्या से लगातार बारिश होने से सभी नदी नाले उफान पर है पहाड़ों की पानी तीव्र गति से रोड़ों में आ रही है राष्ट्रीय राजमार्ग 49 रायगढ़ बिलासपुर मार्ग पलगढा घाट वनोपज जांच नाका यह अगल-बगल बेजा कब्ज कर पहाड़ किनारे नाली बना है उसको दबा दिया गया है जो पानी निकासी में बड़ी दिक्कत ही हो रही है जो रोड़ पर आ रही है जो रोड को बहुत ही छाती पहुंच रहा है पलगढा पहाड़ से लगातार पानी बहने से सीधे रोड पर आ रही है क्योंकि पलगढा घाट के नीचे सड़क किनारे नाला बनवाया गया था जिससे पाठ कर बेजा कब्जा कर लिया गया है जिससे बहने वाली पानी लगातार रोड पर आ रही है जिसे रोड क्षतिग्रस्त हो रहा है और राहगीरों को परेशानी हो रही है जिससे दुर्घटनाएं भी घट रही है कई बार सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शासन प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन प्रशासन छुपी साधे बैठी हुई है जिससे यह राष्ट्रीय राजमार्ग 49 जो करोड़ों रुपए से बनी हुई है वह जल्द जर्जर हो जाएगी।

## कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शहर में सड़कों के गड्ढे भरवाने आयुक्त नगर निगम को दिए निर्देश

बारिश के पश्चात काम की गति बढ़ाने के लिए किया निर्देशित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी को निगम क्षेत्र के सड़कों के गड्ढों को भरने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बारिश के कारण शहर के सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिससे शहरवासियों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने निगम आयुक्त को सड़कों के गड्ढों की भराई का कार्य निरंतर करने के निर्देश दिए। जिससे शहरवासियों को राहत मिले तथा सड़कों में पानी का जमाव की समस्या न हों। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बारिश के पश्चात सड़कों की मरम्मत कार्य के लिए विस्तृत कार्य योजना के साथ युद्ध स्तर पर सड़क मरम्मत प्रारंभ किया जाए। निगम ईई अमरेश लोहिया ने बताया कि वर्तमान में यातायात सुचारू करने हेतु शहर की विभिन्न स्थानों में गड्ढे भराई का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत विजयपुर, मिनीमता चौक जैसे विभिन्न स्थानों में लगातार गड्ढे भरने का कार्य किया जा रहा हैं। इसके साथ ही डब्ल्यूबीएमए पेवर ब्लॉक जैसे कार्य भी लगातार किया जा रहा है। जिससे शहरवासियों को सड़कों के गड्ढों से निजात मिल सके। उन्होंने बताया कि बारिश के तत्काल बाद सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## गांधी जयंती एवं आदिवासी जननायकों की स्मृति पर भव्य आदिवासी नृत्यमहोत्सव

प्रदेश के कई दिग्गज होंगे शामिल

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।




02 अक्टूबर गांधी जयंती और आदिवासी वीर जनजायक के स्मृति पर क्षेत्र के 10 वीं 12 वीं में अच्छे अंक से उत्कृष्ट बच्चों को संविधान की पुस्तक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। रायगढ़ जिले का धरमजयगढद्व वनांचल क्षेत्र है जहां आदिवासी बहुत बड़ी संख्या में निवास करते है। जिले में पहली बार आदिवासी नृत्य महोत्सव कार्यक्रम आयोजित होने जा रही है। जो आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात होगी। बताया जा रहा है की प्रदेश के सामाजिक कार्यकर्ता आदिवासी दिग्गज इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्य अतिथि अरविंद नेताम प्रदेश अध्यक्ष छग सर्व आदिवासी समाज व पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि अमित बघेल छत्तीसगढ़ीया क्रांतिसेना प्रदेश अध्यक्ष, गोमती साय सांसद रायगढ़, लालजीत राठिया विधायक धरमजयगढ़ सुभाष परते युवा प्रभाग प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज के साथ-साथ जिले एवम् प्रदेश के कई लोग शामिल होंगे। संरक्षक जनक राम राठिया सचिव ठाकुर देव ट्रस्ट एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र सिदार ब्लॉक अध्यक्ष और कार्यक्रम सहयोगी सम्मानीय सगाजन एवं जनप्रतिनिधि अधिकारी, कर्मचारीगण के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। पहली बार जिले मे आदिवासी समाज की द्वारा आदिवासी नृत्य महोत्सव आयोजित की जा रही है। जिसमें क्षेत्र, जिला और प्रदेश के सभी वर्ग समुदाय को निमंत्रण भेजा जा रहा है। सामाजिक तौर पर नृत्य महोत्सव में भाग लेने वाले नृत्य पार्टी को समाज की तरफ से आर्थिक भेंट भी दिया जाएगा। पुरुष कर्मा नृत्य प्रथम सामाजिक भेंट 10001, द्वितीय सामाजिक भेंट 7001, तृतीय सामाजिक भेंट 5000, महिला वर्ग कर्मा प्रथम सामाजिक भेंट 7001, द्वितीय सामाजिक भेंट 5000, तृतीय सामाजिक भेंट 3001, सुवा नित्य प्रथम सामाजिक भेंट 5001, द्वितीय सामाजिक भेंट 3001, तृतीय सामाजिक भेंट 2001, भोजली गीत ग्रुप प्रथम सामाजिक भेंट 3001, द्वितीय सामाजिक भेंट 2001, तृतीय सामाजिक भेंट 1001 और सभी कार्यक्रम प्रतिभागियों को सांत्वना सामाजिक भेंट भी दिया जाएगा। कार्यक्रम 10 बजे आदिवासी वेशभूषा और छत्तीसगढ़ीया वेशभूषा में विशाल रैली नगर भ्रमण कर पुरखा देव के पूजा अर्चना कर 12 बजे से कार्यक्रम की आगाज होगा।

## स्पीड बाइकर्स हो जाएं सावधान

युवक को लापरवाही पूर्वक तेज गति में बाइक चलाना पड़ा महंगा

जोहार छत्तीसगढ़ -लैलूंगा।




**मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 7,100 का कटा चालान**

आये दिन स्पीड बाइकर्स स्वयं के जीवन के साथ-साथ दूसरे के जीवन को भी संकट में डालने वाले स्टंट करते देखे जाते हैं । ऐसे ही एक लापरवाह स्टंटबाज के अत्यधिक गति से भीड़भाड़ वाले स्थान पर बाइक चलाने की शिकायत लैलूंगा पुलिस को मिली जिसे गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा थाने के विवेचकों को प्रतिदिन लैलूंगा नगर एवं प्रमुख मार्गों में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ऐसे स्टंटबाज पर कार्यवाही करने निर्देशित किये और स्वयं हमराह स्टाफ के साथ घरघोड़ा मुख्य मार्ग पर वाहनों की जांच, चालानी कार्यवाही के लिये रवाना हुये । इसी दरम्यान मोटर सायकल पल्सर 220 क्रमांक ष्ठत्त 14 स्र्क 9902 का चालक मुख्य मार्ग में काफी तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये लोगों के निकट से होकर गुजरा, मौके पर दुर्घटना होते-होते बची । वाहन चालक सुनील तिग्गा पिता बुधराम तिग्गा उम्र 19 वर्ष निवासी शब्दापारा द्वारा भीड़ वाली जगह पर तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पाए जाने पर मोटरसाइकिल के चालक के खिलाफ लैलूंगा पुलिस द्वारा मौके पर मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत 7,100 का चालान काटकर रसीद दिया गया और थाना प्रभारी ने बाइकर्स को ऐसी गलती के पुनरावृत्ति ना करने की हिदायत देकर सावधानी पूर्वक वाहन चालाने की समझाइश दिया गया है ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in